26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 22 सितम्बर, 2026
अंक- 329 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


# शिक्षिका ब्रेकअप चाहती थी, प्रेमी ने उसकी हत्या कर आत्महत्या कर ली

## स्कूल में घुसकर दिया घटना को अंजाम

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। लखीमपुर खीरी के चिल्ड्रेंस एकेडमी स्कूल में एक युवक ने शिक्षिका की गोली मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली।**

लखीमपुर खीरी के चिल्ड्रेंस एकेडमी स्कूल में सोमवार को सऊद अंसारी नामक युवक ने शिक्षिका निशात फातिमा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को भी गोली मार ली। घटना से स्कूल में दहशत फैल गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक का शिक्षिका से प्रेम संबंध था। कुछ दिनों से शिक्षिका ब्रेकअप करना चाहती थी। वह नहीं मानी तो सऊद ने यह खौफनाक कदम उठाया।


निशात फातिमा


मो. सऊद अंसारी


पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक सऊद ने अपनी कनपटी पर गोली मारी, जो भेज्जा उड़ते हुए आर पार हो गई। जबकि शिक्षिका के सिर में सऊद ने चार गोलियां मारी थीं। वहीं, घटना से पहले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें वह शिक्षिका को खींचकर ले जाते दिखाई दे रहा है।

मोहम्मद सऊद अंसारी (28 वर्ष) शिक्षिका निशात फातिमा (26) से मिलने की बात कहकर परिसर में दाखिल हुआ था। दोनों ने कुछ देर बातचीत की, फिर वे पहली मंजिल पर सीनियर केजी कक्षा के बाहर कॉरिडोर में पहुंचे। वहां अचानक सऊद ने 315 बोर के तमंचे से शिक्षिका पर गोलियां बरसा दीं। घटना के बाद सऊद ने स्कूल में ही अपनी कनपटी पर भी गोली मार ली, जो आर-पार हो गई।

# दिल्ली में दरिंदगी की तीन वारदातें

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। राजधानी दिल्ली में बेटियों से दरिंदगी की तीन वारदातें सामने आई हैं। कालकाजी मंदिर के पास एक 17 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना हुई। उधर, सदर बाजार इलाके में एक 11 वर्षीय छठी कक्षा की छात्रा का यौन उत्पीड़न हुआ। वहीं, किशनगंज इलाके में 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। कालकाजी मंदिर के पास 17 वर्षीय किशोरी के साथ तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। सदर बाजार में 11 वर्षीय छठी कक्षा की छात्रा को दुकान में बुलाकर बंधक बनाने और यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। इसके अलावा किशनगंज इलाके में छह वर्षीय बच्ची के यौन शोषण के आरोप में स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। तीनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक किशोरी अपने नाबालिग मित्र के साथ शाम को कालकाजी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंची थी। दर्शन के बाद दोनों बाहर निकले और टहलते हुए मंदिर के पीछे वाले इलाके में चले गए। शाम करीब 7.30 बजे तीन लोग पहुंचे। पहले तो तीनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर दोनों के धमकाया। इसके बाद तीनों आरोपियों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सदर बाजार इलाके में 16 सितंबर की रात एक 11 वर्षीय छठी कक्षा की छात्रा का यौन उत्पीड़न हुआ। पुलिस ने आरोपी 56 वर्षीय दर्जी मकसूद को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने छात्रा को बहला-फुसलाकर अपनी दुकान में बुलाया। वहां उसे बंधक बनाकर हाथ-पैर बांधकर यौन उत्पीड़न किया। जांच में सामने आया कि छात्रा रात करीब 11 बजे स्टेशनरी खरीदने निकली थी।


खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णत: निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST),
शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक,
बिजनौर - 246701 (U.P.)

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)

अब
सप्ताह में दो दिन बिजनौर में
बृहस्पतिवार -बिजनौर
शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# सेवा संकल्प अभियान के तहत पौड़ी जनपद के 1853 आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित होगा 'आंगन का मिलन'

देहरादून/पौड़ी (चिंगारी)। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में कल सोमवार को श्रीनगर स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज, श्रीकोट के मुख्य कॉन्फ्रेंस हॉल में सेवा संकल्प अभियान के

## मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को दिये सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के निर्देश

तहत आयोजित होने वाले 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनपद



के 1853 आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित होने वाले 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को महिलाओं, बच्चों और ग्रामीण समुदाय से और अधिक जोड़ना तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में अभिभावकों एवं ग्रामीण समुदाय की अधिकतम सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, गोद भराई, जन्मोत्सव सहित अन्य केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली जाए।

कैबिनेट मंत्री ने निर्देश दिए कि लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली जाए और प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी या बाधा नहीं आनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, गणमान्य नागरिकों, महिला समूहों एवं ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# एक एएसपी समेत 14 पुलिस अधिकारियों को मिली नई तैनाती

देहरादून (चिंगारी)। पुलिस मुख्यालय, उत्तराखंड ने एक सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी), 10 सीधी भर्ती के पुलिस उपाधीक्षकों (सीओ) और 03 पदोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों समेत कुल 14 अधिकारियों की नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। अधिकारियों को विभिन्न जनपदों एवं पुलिस इकाइयों में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दी गई है। 2023 बैच के आईपीएस अधिकारी देव व्रत जोशी को सहायक पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पदोन्नति के बाद नई जिम्मेदारी

राजेश साह- जनपद बागेश्वर
प्रदीप पन्त- 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार
नदीम अतहर- आईआरबी द्वितीय, देहरादून

### प्रशिक्षण पूरा करने के बाद तैनाती

दक्ष शोखंद- हरिद्वार
दिव्येश उपाध्याय- पौड़ी गढ़वाल
अंकित थपलियाल- ऊधमसिंहनगर
लव शर्मा- नैनीताल
तनुजा बिष्ट- टिहरी गढ़वाल
आदित्य तिवारी- देहरादून
समीरण भट्ट- नैनीताल
दीप्ति कैड़ा- पिथौरागढ़
अवनी तिवारी- रुद्रप्रयाग
विनय सिंह- नैनीताल

# 1 मीटर लंबा बाईपास छोड़कर बनेगा डिवाइडर

धामपुर (चिंगारी)। नगीना रोड पर दुर्गा विहार कॉलोनी से नगीना चौक तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण के बाद बनाया जा रहा डिवाइडर अब प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर श्री कालिया वाला पर जाने वाले भक्तों के लिए एक मीटर स्थान छोड़कर बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि परसों डिवाइडर के बीच बाईपास छोड़े जाने की मांग को लेकर न्यू हिंदू कॉलोनी, शिव नगर कॉलोनी के नागरिकों ने धरना देकर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन दिया था। पालिका अध्यक्ष द्वारा लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार से वार्ता करने के बाद एक मीटर का बाईपास छोड़ दिया गया है। अब इससे आगे रामलीला बाग के पास भी बाईपास छोड़े जाने की तैयारी शुरू हो गई है।

# ग़ज़ल नाइट, मुशायरा व कवि सम्मेलन स्थगित

बिजनौर (चिंगारी)। जिला मुख्यालय पर नगर पालिका द्वारा आयोजित जिला प्रदर्शनी में इस बार ग़ज़ल नाइट, ऑल इंडिया मुशायरा और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन नहीं हो पाएंगे। दरअसल, हाल ही में नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह की माता जी का निधन हो गया था। गत रात्रि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह यादव की माताजी का भी आकस्मिक निधन हो गया है। आज नगर पालिका बोर्ड की आपातकालीन बैठक में सर्वसम्मति से जिला प्रदर्शनी में होने वाले कार्यक्रम ग़ज़ल नाइट (22 सितम्बर), ऑल इंडिया मुशायरा (23 सितम्बर) तथा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन (24 सितम्बर) को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643



अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है
पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर
मो. 9762717747

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 8192801901

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9119766026

# जसजीत कौर ने विनम्रता व शालीनता की छाप छोड़ी

## उमेश प्रताप सिंह बने बिजनौर के नये डीएम

**बिजनौर (चिंगारी)।** गत रात्रि चली योगी सरकार की तबादला एक्सप्रेस में बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर भी लखनऊ के लिए रवाना हो गईं।

जी हां, श्रीमती जसजीत कौर का उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) पद पर तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर उमेश प्रताप सिंह को बिजनौर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। जसजीत कौर डेढ़ साल से अधिक समय बिजनौर रहीं। उन्होंने 16 जनवरी 2025 को बिजनौर जिलाधिकारी का कार्यभार संभाला था। वे मेरठ की अपर आयुक्त के पद से स्थानांतरित होकर बिजनौर आई थीं। उन्होंने तत्कालीन डीएम अंकित कुमार अग्रवाल का स्थान लिया था। करीब 18 माह तक बिजनौर में जिलाधिकारी के रूप में कार्य करने के बाद अब शासन ने उनका तबादला कर दिया है। इस दौरान श्रीमती जसजीत कौर ने अपनी विनम्रता व शालीनता से अपनी अलग पहचान बनायी। उन्होंने शासन की नीति के अनुरूप जनसुनवाई और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दी। आम जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों व अन्य नेताओं से भी उनका अच्छा तालमेल रहा।


जसजीत कौर


उमेश प्रताप सिंह

श्री उमेश प्रताप सिंह को बिजनौर की कमान सौंपी गई है। तबादले से पहले उमेश प्रताप सिंह लखनऊ में शासन स्तर पर विशेष सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पद पर तैनात थे। उनके पास निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण और प्रबंध निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम का अतिरिक्त प्रभार भी था। उमेश प्रताप सिंह 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे इससे पहले शाहजहांपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें राज्य सिविल सेवा से पदोन्नति के बाद आईएएस कैडर मिला है। उनके पास फील्ड प्रशासन के साथ-साथ शासन स्तर पर काम करने का अनुभव भी है। नए जिलाधिकारी के जल्द ही बिजनौर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

# प्रशासन ने दो पटाखा फैक्ट्री सील की

**शेरकोट (चिंगारी)।** दो दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर में पटाखा फैक्ट्री के कचरे में धमाके के बाद लगी आग में दो किशोरों के झुलसने के प्रकरण में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार की देर शाम गांव के निकट स्थित दो पटाखा फैक्ट्रियों को सील कर दिया। वहीं इससे पूर्व दोपहर में पुलिस ने घटना स्थल के आसपास पड़े मिले पटाखों के कचरे को नष्ट करा दिया।

विदित हो कि रविवार की शाम गांव वाजिदपुर निवासी चंद्रवीर सिंह के पुत्र रोहित और रोहन जंगल से पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। इस दौरान वे गांव से ग्राम मंधोरा की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बंद पड़े ईंट भट्ठे के पास पटाखा फैक्ट्री से निकाल कर डाले गए कचरे में लगी आग की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गए थे। किशोरों के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दिया फैक्ट्री के संचालक सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार की दोपहर सीओ अंजनी कुमार, नायब तहसीलदार राजकमल सिंह,एस ओ रामप्रताप सिंह, कानून गो नरेंद्र कुमार, लेखपाल जगमोहन, छत्रपाल सिंह आदि बंद पटाखा फैक्ट्री और घटना स्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भट्टे के आसपास पड़े पटाखों के कचरे को दमकल कर्मियों की मदद से पानी और मिट्टी डलवाकर नष्ट करा दिया। इसके उपरांत रात आठ बजे नायब तहसीलदार राजकमल सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और बंद पड़ी दिया पटाखा फैक्ट्री के साथ साथ इसी मार्ग पर लगभग डेढ़ किमी दूर स्थित पटाखा फैक्ट्री को भी सील कर दिया। दूसरी ओर पुलिस द्वारा मुकदमे में नामजद अभियुक्तों को पकड़ने के लिए प्रयास किये जा रहे।

### दोनों भाईयों की हालत गम्भीर

**झुलसे दोनों भाईयों का उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में कराया जा रहा है। उनके पिता चंद्रवीर सिंह ने बताया कि रोहित की हालत में मामूली सुधार नजर आ रहा है, जबकि रोहन की हालत स्थिर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि डाक्टरों के मुताबिक अभी दोनों की हालत गम्भीर बताई जा रही है।**

# हरिद्वार में गंगा घाट पर बिजनौर के युवक की हत्या में दम्पति गिरफ्तार

**हरिद्वार (चिंगारी)।** सर्वानंद घाट के पास बिजनौर निवासी गोपाल कुमार की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रेमी से छुटकारा पाने को महिला ने पति, देवर और गांव के एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। गंगा घाट पर शराब पीकर सोने के बाद आरोपियों ने चापड़ और धारदार छुरी से वार कर गोपाल की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में महिला और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो आरोपियों की तलाश जारी है।

सोमवार को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए बताया कि 17 सितंबर की सुबह कोतवाली नगर क्षेत्र में एक अज्ञात पुरुष का शव मिला था। मृतक के पास बिजनौर की बस का टिकट मिला, लेकिन पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने आसपास के थानों और सीमावर्ती जिलों में शव की पहचान के प्रयास किए। 20 सितंबर को हरिद्वार पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान गोपाल (50 वर्ष) पुत्र उमा चरण, निवासी नई बस्ती, निकट आबकारी चौकी बिजनौर के रूप में की।

मृतक के बेटे आशु कुमार की तहरीर पर कोतवाली नगर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि नरेंद्र (40 वर्ष) पुत्र ओम प्रकाश, निवासी ग्राम मोमिनपुर दर्गा भारेरा कोतवाली बिजनौर का मेरठ में इलाज चल रहा था। इसी दौरान गोपाल का नरेंद्र की पत्नी से संपर्क हुआ और रुपये के लेनदेन के बाद दोनों के बीच संबंध बन गए। पुलिस के मुताबिक गोपाल महिला पर परिवार छोड़कर उसके साथ आने का दबाव बना रहा था। साथ ही वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी देता था। परेशान महिला ने पति को पूरी जानकारी दी। इसके बाद नरेंद्र ने पत्नी, अपने भाई और गांव के एक व्यक्ति के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। गांव के व्यक्ति को 50 हजार रुपये देने की बात तय हुई।

### मोबाइल और पर्स निकालकर फेंका

एसएसपी ने बताया कि योजना के तहत 16 सितंबर को महिला ने गोपाल को हरिद्वार बुलाया। रात में महिला गोपाल को गंगा घाट लेकर गई। गोपाल के शराब पीकर सो जाने के बाद पहले से छिपे आरोपियों ने चापड़ और छुरी से वार कर गोपाल की हत्या कर दी। मोबाइल और पर्स निकालकर गंगा में फेंकने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। एसएसपी ने बताया कि मोतीचूर रेलवे स्टेशन से नरेंद्र और उसकी 36 वर्षीय पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त लोहे का चापड़ बरामद हुआ है। मामले में फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### कॉल डिटेल ने खोला हत्या का राज

**मृतक के निवास स्थान पर जाकर पुलिस ने जब पूछताछ की और मृतक की कॉल डिटेल खंगाली तो मामला सामने आ गया। कॉल डिटेल में आरोपी महिला के नंबर और अवैध संबंधों की बात का पुलिस को पता चला। इसके साथ ही मृतक के परिजनों ने भी आशंका दर्ज की थी।**

# गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर कलेक्ट में किसानों का धरना

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता कैलाश लांबा ने की, जबकि संचालन संजीव ने किया। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू ने कहा कि किसानों ने गन्ने का उचित मूल्य निर्धारित करने, लंबे समय से बकाया मुआवजा दिलाने तथा किसानों की अन्य समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लगातार उठाया जा रहा है, लेकिन मांगों का अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है। धरने में प्रधान कमल सिंह, आनंदपाल, हरि सिंह, जोगिंदर, तनवीर, राजपाल, भगत जी, महेंद्र सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# सफाई मित्रों के लिये कैम्प का आयोजन



**हल्दौर (चिंगारी)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत सभी निकायों में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद हल्दौर के कार्यालय पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सफाई मित्रों को दिए जाने के संबंध में एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रधानमंत्री आवास योजना (डूडा), गैस कनेक्शन, पीएम उज्जवला योजना (आपूर्ति विभाग), स्वास्थ्य बीमा और आयुष्मान कार्ड एवं पीएम जन आरोग्य योजना (स्वास्थ्य विभाग), पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्य घर , जन -धन योजना हेतु संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और सफाई मित्रों को विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इसी दौरान स्वास्थ्य शिविर में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा औषधि वितरित की गई।

# 25 सितंबर को इको गार्डन लखनऊ में होगी पेंशन शंखनाद महारैली

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महारैली को लेकर आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार की अध्यक्षता एवं पूर्व जिलामंत्री आशिष सक्सेना के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महारैली प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि ये समय संगठित होकर संघर्ष करने का है, आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर है। एनपीएस केवल पूंजीपतियों का षड्यंत्र है। पुरानी पेंशन बहाली में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। पूर्व जिलाध्यक्ष करतार सिंह एवं दीपक गुप्ता ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से महारैली में शामिल होने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि 25 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महारैली में आईटीआई के सभी साथी प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर अटेवा जिला महामंत्री सुभाष यादव, जिला मंत्री अनुज कुमार, जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, आशीष कुमार सक्सेना,राहुल कुमार,प्रेम सिंह, शशि कुमार,नृपेन्द्र सिंह, बृजेश खरवार,शुभम् कुमार, करण सिंह,प्रियंका शर्मा, विजय पाल सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।


कर्मचारियों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रहास सिंह।

**भली लगे या बुरी...**

## ब्रिक्स की उपलब्धियां

ब्रिक्स देशों ने दुनिया की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्रसंघ का महत्व पुन: स्थापित करने तथा सुरक्षा परिषद में भारत को शामिल कर उसके विस्तार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए सात साल बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत आए जिससे भारत-चीन संबंधों में नए सकारात्मक परिवर्तनों की उम्मीद बढ़ी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की भारत यात्रा से भी भारत-रूस सहयोग में नए आयाम खुलने की उम्मीद बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर कहा कि 'पिछले 20 वर्ष में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है। अब अगले 20 वर्ष के लिए हमें एक नए और महत्वाकांक्षी एजेंडे पर काम करना होगा।' भारत ने ब्रिक्स सम्मेलन में अपनी राजनयिक क्षमता तथा दुनिया में बढ़ते कद का लाभ उठाते हुए विपरीत ध्रुवों के बीच समन्वय और सामंजस्य बिठाने का सफल प्रयास किया है। उसने दुनिया में चल रहे युद्धों और तनावों को पृष्ठभूमि में धकेलते हुए नई विश्व व्यवस्था के पक्ष में विश्व जनमत बनाने का प्रयास किया है, जिसमें गरीब देशों, विकासशील देशों तथा 'ग्लोबल साउथ' को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि सबको साथ लेकर चलने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने दुनिया में स्वतंत्र नौवहन तथा नाविकों की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया। यह हाल ही में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव तथा युद्ध के कारण परिवहन जहाजों पर हुए हमलों तथा उनमें भारतीयों समेत कई देशों के नाविकों की जानें जाने को देखते हुए महत्वपूर्ण है। मोदी ने ब्रिक्स के लिए भावी एजेंडा रेखांकित करते हुए भी शासन सुधार के लिए 10 प्रस्तावों की अपील की। सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने अपने भाषण में पश्चिमी देशों की मानसिकता और रणनीति पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि उनके लिए औपनिवेशिक मानसिकता छोड़ना अब जरूरी हो गया है। उन्होंने रूस पर लगाए 6000 से अधिक प्रतिबंधों को इसी मानसिकता की उपज बताया। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया आज तेजी से बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है जबकि कुछ शक्तियां इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

# रक्षा स्वायत्तता से वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ता भारत

एक दशक में भारत के रक्षा परिदृश्य ने एक अभूतपूर्व करवट ली है। कभी दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में शुमार होने वाला भारत आज अपनी रणनीतियों को 'आयात-निर्भरता' से बदलकर 'स्वदेशी नवाचार और निर्यात' की ओर ले जा चुका है। भारत अब अपनी सैन्य आवश्यकताओं का 65 प्रतिशत उत्पादन ही नहीं कर रहा, बल्कि निर्यात भी कर रहा है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 के 686 करोड़ रूपए का था, जिसमें 5500 प्रतिशत (55 गुना) की ऐतिहासिक वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ हो गया है। यह संभव हुआ है 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प से,भारत आज 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। भारत अब केवल अपनी सेनाओं को आधुनिक नहीं बना रहा, बल्कि 2035 तक वैश्विक रक्षा महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। वर्ष 2013-14 के बाद सरकार ने रक्षा इकोसिस्टम को पूरी तरह बदलने के लिए कई कड़े और दूरगामी फैसले लिए जिनमें प्रमुख हैं-

**1- सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां-** 5,012 से अधिक सैन्य उपकरणों व कलपुर्जों के आयात पर चरणबद्ध प्रतिबंध लगाया गया, जिससे घरेलू उद्योगों को अनिवार्य रूप से काम मिला। 2- रक्षा गलियारों का निर्माण- उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में विशेष रक्षा औद्योगिक गलियारे बनाए गए, जो मिसाइल और लड़ाकू विमानों के निर्माण के बड़े क्लस्टर बन चुके हैं। 3- OFB का ऐतिहासिक निगमीकरण- ब्रिटिश काल के आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) को समाप्त कर 7 नई कॉर्पोरेट सरकारी कंपनियों में बदला गया, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और व्यावसायिकता बढ़ी। 4- निवेश नियमों का सरलीकरण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा को बढ़ाकर 74 प्रतिशत (ऑटोमैटिक रूट) और विशेष मामलों में 100 प्रतिशत किया गया। औद्योगिक लाइसेंस की वैधता को बढ़ाकर 15 वर्ष या उससे अधिक कर दिया गया। 4-डेटा-सेंट्रिक वॉरफेयर- भविष्य में किसी भी युद्ध में डेटा व सूचना सबसे महत्वपूर्ण होगी, इसलिए सेना को 'नेट-सेंट्रिक' से आगे बढ़कर 'डेटा-सेंट्रिक' लाने के लिए अंतरिक्ष, साइबर, डेटा और विशेष ड्रोन फोर्सेस का गठन किया जा रहा है।

5- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वार्म ड्रोन्स स्वायत्त लड़ाकू प्रणालियों और झुंड में हमला करने वाले ड्रोन्स के विकास का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। 6-अंतरिक्ष आधारित निगरानी- सीमाओं की चौबीसों घंटे और वास्तविक समय में निगरानी के लिए अंतरिक्ष में 52 सैन्य उपग्रहों का एक नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है, जिससे तीनों सेनाओं को ऑल-वेदर रियल-टाइम निगरानी क्षमताएं प्राप्त होंगीं। 7- हाइपरसोनिक स्क्रैमजेट तकनीक- डीआरडीओ द्वारा उन्नत 'स्क्रैमजेट कम्बस्टर' के सफल ग्राउंड टेस्ट कर लिया है, जिससे भविष्य में ध्वनि की गति से 5 गुना तेज़ चलने वाली मिसाइलें बन सकेंगी। 8-इनोवेशंस फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX) के माध्यम से 670 से अधिक घरेलू स्टार्टअप्स को रक्षा नवाचार से जोड़ा गया है, जो एंटी-ड्रोन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकें विकसित कर रहे हैं। 9- 5वीं से 6ठीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- भारत वर्तमान पांचवीं पीढ़ी के एमका (AMCA)विमानों पर काम कर रहा है, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए छठी पीढ़ी की तकनीकों पर भी शोध शुरू कर चुका है। AMCA (5वीं पीढ़ी)- यह भारत का 'गेम चेंजर' स्वदेशी स्टील्थ विमान होगा, जो रडार की पकड़ में नहीं आएगा। इसमें एडवांस सुपरक्रूज़, इंटरनल वेपन बे (अंदर छिपे हथियार) और उन्नत एविओनिक्स होंगे। इसका पहला प्रोटोटाइप 2028-2029 तक उड़ान भरेगा और इसे 2035 तक पूरी तरह सेना में तैनात करने का लक्ष्य है। 6ठीं पीढ़ी की तकनीकें- भारत ने भविष्य के लड़ाकू विमानों के लिए छठीं पीढ़ी की तकनीकों पर काम शुरू कर दिया है। इसमें मानव-रहित कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (ड्रोन विंगमैन) के साथ तालमेल, 'डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स' (लेज़र और माइक्रोवेव हथियार), अत्यधिक उन्नत साइबर सुरक्षा और सेल्फ हिलिंग (खुद को ठीक करने वाले) सिस्टम शामिल होंगे। इसके प्रोटोटाइप और व्यावहारिक रूप 2040 के दशक तक सामने आने की संभावना है।



10-शक्तिशाली जेट और हेलीकॉप्टर इंजनों का विनिर्माण-लड़ाकू विमानों के शक्तिशाली स्वदेशी इंजन विकसित करना भारत की प्रमुख समस्या अभी भी बनी हुई है। इंजन समय से सप्लाई न होने के कारण तेजस विमानों की सप्लाई समय से पिछे चल रही है, लेकिन अब इस दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए भारत 110 से 120 kN के इंजन अत्यधिक शक्तिशाली और आधुनिक इंजन बनाने पर काम कर रहा है। 'भारत-यूके विज़न 2035' और अमेरिका के साथ हुए समझौतों के तहत GE-F414 इंजन का शत-प्रतिशत तकनीक हस्तांतरण के साथ भारत में ही सहनिर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, फ्रांस की कंपनी 'सफ्रान' और ब्रिटेन की 'रोल्स-रॉयस' के साथ मिलकर एम्का (AMCA) के लिए एक पूरी तरह से नया इंजन डिजाइन किया जा रहा है। अरावली (Aravali) हेलीकॉप्टर इंजन भविष्य के मल्टी-रोल और नौसैनिक भारी हेलीकॉप्टरों में आत्मनिर्भर बनने के लिए 'अरावली' इंजन को एचएएल और फ्रांस की सफ्रान कंपनी मिलकर संयुक्त रूप से विकसित कर रहे हैं।

11- नौसेना और वायु परिवहन में बड़े कदम प्रोजेक्ट-75I (स्टील्थ पनडुब्बी निर्माण)- नौसेना के लिए लगभग 70,000 करोड़ रुपए की लागत से 6 अत्याधुनिक पारंपरिक पनडुब्बियों का निर्माण मझगांव डॉक और जर्मनी की कंपनी टीकेएमएस के सहयोग से भारत में किया जा रहा है। ये पनडुब्बियां आधुनिक एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन तकनीक से लैस होंगी, जिससे ये पानी के अंदर कई हफ्तों तक बिना बाहर आए छिपी रह सकती हैं।

12- मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट वायुसेना के बेड़े को आधुनिक बनाने के लिए बात एंड मेक नीति के अन्तर्गत 60 नये मध्यम परिवहन विमानों की खरीद प्रक्रिया अन्तिम चरण में है। इनमें से 48 विमानों का निर्माण भारत में ही स्थानीय उद्योगों के साथ मिलकर किया जाएगा।

सरकार द्वारा उठाए गए कदम मील का पत्थर साबित होंगे। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष 2035 तक भारत का रक्षा परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा। भारत अपनी मजबूत आर्थिक वृद्धि और रक्षा बुनियादी ढांचे के दम पर वार्षिक रक्षा उत्पादन में 3 लाख करोड़ रुपए और निर्यात 50,000 करोड़ रूपए के पार पहुंच जायेगा, अमेरिका व चीन के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित होगा। सुयोग फीचर्स

**-योगी योगेन्द्र**

## वक्ता और श्रोता के बीच तालमेल होगा तो हर प्रश्न का उत्तर सही होगा

**प्रेरक-प्रसंग**

एक दिन सभी ऋषि-मुनियों में इस बात को लेकर बहस हुई थी कि परब्रह्म हैं भी या नहीं? कौन है जो इस सृष्टि को चलाता है? अगर कोई है तो उसका रूप कैसा है? उसकी पहचान होनी चाहिए। जब इस बहस का कोई परिणाम नहीं निकला तो सभी ऋषि-मुनि ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। मेरू शिखर पर ब्रह्मा जी का निवास था। सभी ऋषि-मुनि विशाल भवन में ब्रह्मा जी के सामने पहुंचे थे। ब्रह्मा जी ने ऋषि-मुनियों से पूछा, आप सभी एक साथ यहां किस उद्देश्य से आए हैं? ऋषि-मुनियों ने कहा, हम सभी अज्ञान के अंधकार में डूब गए हैं। परमतत्व की जानकारी पाना चाहते हैं। ब्रह्मा जी ने आंखें बंद करके रुद्र बोला और इसके बाद तुरंत ही बोले, अगर आप इन प्रश्नों के उत्तर जानना चाहते हैं तो मैंने एक व्यवस्था की है। मैंने एक चक्र फेंका था, जहां वह गिरा, वहां चक्र की नेमि के कारण एक वन बन गया है। उसे नैमिषारण्य यानी नैमिष वन कहा गया है। आप सभी वहां जाएं, वहां यज्ञ करना। तब वायुदेव वहां आएंगे, आप वायुदेव से ये प्रश्न पूछना और वे आपकी शंकाओं का समाधान करेंगे। ब्रह्मा जी ने ऋषि-मुनियों को जैसा बताया, उन्होंने वैसा ही किया। वायुदेव से ऋषियों की चर्चा होती है तो उनको अपनी शंकाओं का उत्तर मिल जाता है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल करने वालों को सम्मानित किया



## गांवों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि छोटे शहरों और कस्बों के छात्र-छात्राओं में भी काफी हुनर है। जरूरत सिर्फ उन्हें सही माहौल, बेहतर मार्गदर्शन और पढ़ाई की अच्छी सुविधा देने की है। दोनों संस्थानों की ओर से विद्यार्थियों को इसी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बादीगढ़ चौराहा स्थित शिवांश लाइब्रेरी व सावित्री देवी औद्योगिक संस्थान की ओर से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिवांश लाइब्रेरी के सेंटर इंचार्ज अतुल चौहान ने बताया कि पिछले करीब तीन वर्षों से शिवांश लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल, जरूरी सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और लगातार पढ़ाई के नतीजे में अब तक करीब 50 छात्र-छात्राओं का अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। चयनित विद्यार्थी विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कामयाबी उनके परिवार के साथ-साथ संस्थान के लिए भी खुशी और फख्र की बात है। वहीं सावित्री देवी औद्योगिक संस्थान के संस्थापक नरेश कुमार ने बताया कि उनका संस्थान पिछले करीब 15 वर्षों से सेंटर चला रहा है। इस दौरान संस्थान से तैयारी करने वाले बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि सावित्री देवी औद्योगिक संस्थान से तैयारी करने वाले करीब 250 छात्र-छात्राएं आज अलग-अलग सरकारी पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम में राजेश सिंह, जयप्रकाश सिंह पूर्व प्रयोगशाला प्रभारी, क्षमा यादव सिंह स्टोर प्रभारी, आदेश शर्मा, रवि चौहान, राकेश चौहान, सावित्री देवी औद्योगिक संस्थान के संस्थापक नरेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में अब्दुल रहमान, मुस्कान परवीन व अब्दुल समद ने हासिल किया स्थान



अतिथियों द्वारा पुरस्कार से नवाजे गये स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सीरत उल नबी प्रतियोगिता 2026 का परिणाम तमन्ना मैरिज हॉल में घोषित किया गया। होप वेलफेयर सोसायटी द्वारा नजीबाबाद के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की एक प्रतियोगी परीक्षा 6 सितम्बर को एम मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। जिसमें 32 स्कूलों के 401 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमे प्रथम पुरस्कार कक्षा 8 के अब्दुल रहमान ने हासिल किया, जिसे दस हज़ार रुपये ट्राफी व सर्टिफिकेट से नवाजा गया। द्वितीय पुरस्कार कक्षा 12 की छात्रा मुस्कान परवीन ने हासिल किया, जिसे 7500 रूपए, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट दिया गया। तृतीय पुरस्कार कक्षा 10 के छात्र अब्दुल समद ने हासिल किया, जिसे पांच हजार रुपये प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आगाज मुआविया अली ने तिलावत कुरान से किया तथा संचालन डॉ. शमशाद हुसैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. तारिक अय्यूबी नदवी अलीगढ़ साहब ने कहा कि हमें अपने जीवन में पैगम्बर मुहम्मद साहब की बातों का अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. इबादुर्रहमान रहे। सोसायटी के अध्यक्ष कारी अरशद साहब ने पैगम्बर मुहम्मद साहब का संक्षप्ति जीवन परिचय कराया। कायर्क्रम की अध्यक्षता शहर काज़ी अफ्फान उल हक ने की। इसके अतिरिक्त डॉ. सुहैल सिद्दीकी, रिज़वान निज़ामी, हाजी शमसुद्दीन, ऐजाज़ अहमद, उस्मान गनी, आतिक नदवी एडवोकेट, एहतेशाम, शारिक खान, मोईनुद्दीन, कमर अख्तर, सरफराज, मौ. वसीम, उस्मान गनी, शादान, साहिल, शुजा हसन, मौ अकील, हसनैन, उबैद आदि मौजूद रहे।

# भागूवाला टोल प्लाजा का शुभारंभ



टोल प्लाजा का फीता काटकर शुभारंभ करते एनएचआई प्रबंधक।

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में टोल प्लाजा का शुभारंभ हुआ। टोल प्लाजा पर पंडित राकेश शर्मा ने विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना कराई। सभी ने हवन के आहुतियां प्रदान कर पूजा अर्चना की। सभी को प्रसाद वितरित किया गया। पूजा अर्चना के बाद टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों से निर्धारित शुल्क लिया गया। एनएचएआई प्रबंधक विनोद उनियाल ने बताया कि नियम अनुसार टोल का शुभारंभ शुरू हो चुका है। वाहन चालकों से निर्धारित शुल्क लिया जा रहा है। 20 किलोमीटर की दूरी में आने वाले स्थानीय वाहन चालकों के लिए 360 रुपए मासिक पास की व्यवस्था की गई है। 20 किलोमीटर के अंतर्गत आने वाहन चालक कार्यालय में आकर अपना पास बनवा सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की है। इस मौके पर टोल मैनेजर अमित चौधरी, सुबोध चौधरी, देशदीप, रजनीश, सचिन आदि मौजूद रहे।




# अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने की पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र 17 नजीबाबाद की सियासी हलचल के बीच अवनीश अग्रवाल 'टांडे वाले' ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राम अवतार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान अवनीश अग्रवाल ने राम अवतार सिंह को शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र 17 नजीबाबाद से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं व मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अवनीश अग्रवाल टांडे वाले की रामअवतार सिंह से यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज हैं। ऐसे में इस शिष्टाचार भेंट ने क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को गर्म कर दिया है। हालांकि मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया, लेकिन विधानसभा 17 को लेकर हुई विस्तार से चर्चा के बाद सियासी हलकों में इस मुलाकात के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। आने वाले दिनों में नजीबाबाद की राजनीति में क्या नया मोड़ आता है, इस पर सबकी नजर बनी हुई है।



पूर्व जज रामअवतार सिंह को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते अवनीश अग्रवाल।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 23 सितम्बर 2026**

**मेष-** बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

**वृषभ-** आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आपनी सौहार्द मन प्रसन्न।

**मिथुन-** आज रात्रि 9/57 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, मन उदास, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

**कर्क-** आज रात्रि 9/57 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

**सिंह-** योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

**कन्या-** आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

**तुला-** आज रात्रि 9/57 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियां दूर, लाभ भी।

**वृश्चिक-** आज रात्रि 9/57 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

**धनु-** कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

**मकर-** योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

**कुम्भ-** आज रात्रि 9/57 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

**मीन-** आज रात्रि 9/57 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# पिलखन का पेड़ गिरा, चार वाहन दबे

## वाहनों में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला



**धामपुर ( चिंगारी )।** पुराना धामपुर की चुंगी पर नाले के किनारे खड़ा लगभग 50 वर्ष पुराना विशालकाय पिलखन का पेड़ सोमवार की शाम अचानक भरभराकर सड़क पर गिर गया। पेड़ के नीचे शेरकोट से हरियाणा जा रही एक लोडेड पिकअप सहित तीन अन्य वाहन भी दब गए। अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों की तत्परता से वाहनों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार पुराना धामपुर की चुंगी के चौराहे पर एक रास्ता धामपुर के मोहल्ला महल सराय की ओर जाता है। इस रास्ते के मोड़ पर बने हुए एक मंदिर के निकट बह रहे नाले के पास लगभग 50 वर्ष पुराना तिलखंड का पेड़ खड़ा हुआ था। बताया जाता है कि इस नाले का पानी पिलखन के पेड़ की जड़ों को खोखला कर रहा था जिस कारण पेड़ झुकने लगा था। आसपास के लोगों को अंदेशा भी था कि यह पेड़ कभी भी गिर सकता है। इस मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान अवरोध बन रहे पेड़ों को काटे जाने का कार्य वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह पेड़ भी काटे जाने के लिए चिन्हित किया गया था परंतु उससे पूर्व ही यह गिर गया।

पिकअप गाड़ी के चालक मोहम्मद ताहिर ने बताया कि वह शेरकोट से गाड़ी में सामान भरकर हरियाणा जा रहा था तभी अचानक पेड़ उनकी गाड़ी पर गिर गया और गाड़ी का शीशा टूट गया। उन्होंने बताया कि वह टूटे हुए शीशे में से बाहर निकल पाए।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पेड़ गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर आवागमन प्रभावित हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने दोनों ओर का यातायात रोक दिया। इसके चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित रही। पेड़ गिरने के दौरान एक कार में द स्कॉलर्स वैली स्कूल के डायरेक्टर सरदार जसप्रीत सिंह के पुत्र शुभकरण सिंह और प्रभ करण सिंह ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। उनकी कार पर भी पेड़ की एक शाखा टूटकर गिर पड़ी थी। पेड़ की चपेट में आने के बाद कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। पुलिस वन विभाग और स्थानीय लोगों की मदद से लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से पेड़ हटाया जा सका।

### पेड़ गिरने की अब तक हो चुकी है चार घटनाएं

**जब से सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हुआ है तब से कालागढ़ रोड पर पेड़ गिरने की तीन घटनाएं हो चुकी है लगभग 15 दिन पूर्व पुराने धामपुर की चुंगी पर रात 9 बजे के करीब एक पेड़ सड़क पर गिर गया था। उसके बाद सोमवार को पेड़ गिरने की यह दूसरी घटना हो गई इससे पूर्व लगभग 2 महीने पहले शेरकोट मार्ग पर नाले की खुदाई करते समय एक पेड़ सड़क पर गिर गया था, जिसके नीचे आकर ग्राम सुहागपुर निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके अलावा खारी कुआं पर पीपल के एक पेड़ की शाखा टूटकर बरसात के दौरान बिजली के तारों से टकराकर सड़क पर गिर गई थी। जिसकी चपेट में आकर सड़क से गुजर रहा एक व्यक्ति घायल हो गया था।**

# सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत अभियान चलाया

## एसबीडी परिसर को छात्राओं ने स्वच्छ, हरा-भरा बनाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत महाविद्यालय सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारियों मीनू शर्मा एवं डॉ. संजू के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा कक्षों एवं परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु विभिन्न इंडोर एवं आउटडोर पौधों को गमलों में रोपित एवं व्यवस्थित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने परिसर को स्वच्छ, हरा-भरा एवं आकर्षक बनाने में सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। स्वच्छ एवं हरित परिसर विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम में डॉ. संदीप कुमार एवं डॉ. अदिति सिंधु की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय सहभागिता से ही स्वच्छ, सुंदर एवं जागरूक समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता को अपने व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# क्षेत्रीय बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

## सुनील शर्मा अध्यक्ष एवं नबील अहमद महासचिव बने

**धामपुर ( चिंगारी )।** जय अंबे गेस्ट हाउस में क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के संरक्षक अनिल शर्मा, हितेश भटनागर ,शाहिद सूरी एडवोकेट द्वारा पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्ति की घोषणा करते हुए अधिवक्ता साथियों की उपस्थिति में सुनील शर्मा एडवोकेट को अध्यक्ष और नबील अहमद एडवोकेट को महासचिव चुना गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने पूर्व अध्यक्ष आर के आर्य एडवोकेट के कार्यकाल की सराहना की। पूर्व अध्यक्ष आर के आर्य एडवोकेट ने कहा कि आगे भी वह तन मन धन से क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के साथ खड़े रहेंगे।

बैठक में संरक्षक अनिल शर्मा एडवोकेट, हितेश भटनागर, शाहिद सूरी एडवोकेट , पूर्व अध्यक्ष आर के आर्य एडवोकेट, पूर्व महासचिव अली खान, संयुक्त सचिव शुभम चौहान, शहबाज अहमद, सलीम जावेद एडवोकेट, पवन सलूजा, तरुण प्रताप, आशीष भारद्वाज, अनूप कुमार अग्रवाल, राजकुमार सिंह, आकाश कुमार, अनिल कुमार, कुणाल गांधी एडवोकेट, जितेंद्र सिंह, मोहम्मद तालिब खान, संकेत अग्रवाल, सुमित सिसोदिया, मोहम्मद आलम, नरोत्तम सिंह, मुजजशिर अली, नईम मलिक एडवोकेट, नीरज कुमार, मोहम्मद यासर, तुषार चौहान, जितेंद्र राजपूत, लकी आलम एडवोकेट, मोहम्मद अमन, काजिम अहमद एडवोकेट, मोहम्मद शहजाद एडवोकेट, अंकुर चौहान, शाहबाज अहमद, राजीव कुमार, मोहम्मद कैफ, पुलकित जैन, इमरान अहमद एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. जितेन्द्र चौधरी को जनरल सेक्रेट्री बनने पर सम्मानित किया

## फुपुक्टा प्रतिनिधि बने हिमांशु त्रिपाठी भी सम्मानित



नवनिर्वाचित सचिव एवं फुपुक्टा प्रतिनिधि का स्वागत करते हुए शिक्षक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम (पी.जी.) कॉलेज, धामपुर के शिक्षक संघ की ओर से गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव में जनरल सेक्रेट्री पद पर निर्वाचित डॉ. जितेन्द्र चौधरी एवं फुपुक्टा प्रतिनिधि के पद पर निर्वाचित डॉ. हिमांशु त्रिपाठी का सम्मानित किया गया। बता दें कि कॉलेज के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब महाविद्यालय के किसी शिक्षक ने विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव में सचिव पद पर विजय प्राप्त की है। डॉ. जितेन्द्र चौधरी महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा एवं खेल-कूद के प्रभारी हैं। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल, फुपुक्टा ज़ोनल सेक्रेटरी प्रो. सौराज सिंह, आरएसएम शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. रमाकान्त, प्रो. राम कुमार सिंह, डॉ. रवि धनकड़, डॉ. भारती चौहान, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. मदनपाल, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आदित्य कुमार एवं डॉ. आकाश कुमार सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सचिव डॉ. जितेंद्र चौधरी ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे शिक्षकों के हितों, संगठन की मजबूती एवं विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय की गरिमा को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

# कालिका मंदिर के पास गब्बर व अंकित गैंग के बीच हुई थी फ़ायरिंग, दो गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** यहां मां कालिका मंदिर के पास दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग की घटना वर्चस्व को लेकर हुई थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि 16 सितंबर को हीलर्स अस्पताल से कालिका मंदिर रोड के बीच दो वाहनों में सवार युवकों के बीच फायरिंग की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी और घटनास्थल का निरीक्षण किया था। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच में आकाश पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कनखेड़ी, थाना धामपुर व अंकित सिंह पुत्र नरेश कुमार निवासी सदरुद्दीन नगर फलौदी थाना नहटौर तथा 10-15 अन्य लोगों के नाम सामने आए।

इस मामले में उपनिरीक्षक शेखर कुमार की तहरीर पर 19 सितंबर को शहर कोतवाली में जान से मारने की नीयत से एक-दूसरे पर फायरिंग करने और आम लोगों में भय पैदा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आकाश पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कनखेड़ी, थाना धामपुर व हिमांशु पुत्र ब्रह्मपाल निवासी ग्राम सिरोहा गिरधर थाना शहर कोतवाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आकाश के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो नंबर यूके 07एटी-0058 व हिमांशु के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर बरामद किया। पुलिस ने



स्कार्पियो को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया, वहीं हिमांशु को 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मौके पर एएसपी देहात गौतम राय व सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों गुटों के बीच करीब 14-15 राउंड फायरिंग की गई थी, जिससे मौके पर दहशत फैल गई थी। पुलिस पूछताछ में हिमांशु ने बताया कि 16 सितंबर को वह अंकित सतिया निवासी सदरूद्दीन नगर थाना नहटौर, विशाल उर्फ लोहरा निवासी ग्राम सिहोरा गिरधर शहर कोतवाली व प्रशांत उर्फ चंडी निवासी ग्राम खासपुरा थाना हल्दौर और अन्य साथियों के साथ फोर्ड इकोस्पोर्ट से नूरपुर की ओर जा रहा था। बिजनौर बाईपास रोड पर स्कॉर्पियो सवार युवकों ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। इसके जवाब में हिमांशु और उसके साथियों ने भी फायरिंग की। इस दौरान स्कॉर्पियो का पिछला शीशा टूट गया था।

गिरफ्तार आकाश ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह गब्बर उर्फ गर्बर निवासी बुढ़पुर थाना नूरपुर, अमजद निवासी किरारखेड़ी थाना धामपुर, दीपक, अमन, प्रशांत निवासी मटोरा मान और रिकुल निवासी भटियाना खुशहालपुर के साथ स्कॉर्पियो में सवार था। काली माता मंदिर के पास फोर्ड गाड़ी में सवार युवकों ने फायरिंग की तो उन्होंने भी जवाबी फायरिंग की। घटना के बाद दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए। आकाश ने बताया कि काली माता मंदिर के पास फोर्ड गाड़ी में सवार लोगों की ओर से फायरिंग किए जाने पर उन्होंने भी जवाबी फायरिंग की थी। आकाश के अनुसार उसने अपना तमंचा अमजद को दे दिया था। घटना के बाद दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए।




# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** कोतवाली शहर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से चोरी के सोने के आभूषण और चांदी की पाजेब व दूसरे आरोपी के पास से चोरी किए गए दो बैटरे बरामद किए हैं।

एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि 28/29 अगस्त की रात बालाजी धाम कॉलोनी में आरती रानी के बंद मकान का ताला तोड़कर मंगलसूत्र, दो अंगूठी, चांदी की पायल, बिजली फिटिंग का सामान, 20 हजार रुपये और मोबाइल चोरी किया गया था। इस मामले में कोतवाली शहर में मुकदमा दर्ज था। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शावेज पुत्र जाहिद निवासी तरीकमपुर रूपचंद उर्फ टिक्कोपुर को मुस्तफाबाद बाईपास के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पीली धातु का मंगलसूत्र, पुरुषों की एक अंगूठी, महिलाओं की एक अंगूठी और चांदी की एक जोड़ी पाजेब बरामद हुई। पूछताछ में शावेज ने बताया कि उसने अपने भाई जावेद के साथ मिलकर बालाजी धाम कॉलोनी में चोरी की थी। उसके अनुसार चोरी में मिले आभूषण उसने अपने पास रख लिए थे और बिजली फिटिंग का सामान जावेद ले गया था। पुलिस के अनुसार वह इन आभूषणों को बेचने के लिए ले जा रहा था।

## बैटरे चोरी करना भी कबूला

**पुलिस के अनुसार शावेज ने करीब 20 दिन पहले अपने भाई जावेद के साथ आरटीओ गेट के पास एक दुकान से दो बैटरे और चार हजार रुपये चोरी करने की बात भी बताई। चोरी किए गए बैटरों को तोड़कर उसने कबाड़ी असलम निवासी झलरा को पांच हजार रुपये में बेचने की बात कही। इस मामले में पुलिस ने असलम पुत्र रफीक को भी गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी के दोनों बैटरे बरामद किए गए। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।**

# रक्षाबंधन के दिन राहगीरों को लूटने वाले 3 बदमाश गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** रक्षाबंधन पर गंगा रावली तटबंध पर राहगीरों को रोककर मारपीट करने और बाइक, मोबाइल व नकदी लूटने के मामले में कोतवाली शहर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई बाइक, आईकार्ड और 1510 रुपये बरामद किए हैं।



सोमवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि मंडावर थाना क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी धर्मेन्द्र ने 18 सितंबर को कोतवाली शहर में तहरीर देकर कहा था कि 28 अगस्त को अज्ञात लोगों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर बाइक, मोबाइल फोन और 2200 रुपये छीन लिए थे। आरोपियों ने उसके मोबाइल से फोन-पे के माध्यम से 9700 रुपये दूसरे खाते में स्थानांतरित कर लिए और जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान आरोपियों ने वहां मौजूद दीपक नाम के व्यक्ति के साथ भी मारपीट कर 2800 रुपये और अपाचे बाइक छीन ली थी। अपाचे बाइक को आरोपी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान शहर कोतवाल अवनीत मान ने पुलिस टीम के साथ फिरोज अली निवासी मछली मंडी मंडावर, अमजद खान निवासी ग्राम चाहड़वाला मंडावर और मुबारिक निवासी मोदी मोड़ा, थाना बोडिया जमुनानगर, हरियाणा को गिरफ्तार किया। बदमाशों के कब्जे से प्लैटिना बाइक संख्या यूपी 20 सीआर-3498, धर्मेन्द्र का आईकार्ड और 1510 रुपये बरामद हुए।

## सीसीटीवी फुटेज से फंसे जाल में

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने दीपक के मोबाइल से धर्मेन्द्र के मोबाइल पर फोन-पे के माध्यम से रकम स्थानांतरित की थी। पूछताछ में मुबारिक ने बताया कि उसी रात बहसूमा स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप से फोन-पे के माध्यम से प्राप्त रकम में से पांच हजार रुपये निकाले थे। आरोपियों के अनुसार लूट की रकम में से उन्हें 2500-2500 रुपये मिले थे, जबकि मोबाइल महताब, फरियाद और सावन अपने साथ ले गए थे। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों की पहचान हुई। विवेचना में महताब, सावन और फरियाद के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## पुलिस ने बढ़ाई डकैती की धारा

**एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि बदमाशों की संख्या छह होने के चलते घटना में लूट की धाराओं में बढ़ोत्तरी करते हुए डकैती की धारा भी लगाई गई है।**

# दिनदहाड़े दुकान से नोटों के गजरे चुराने वाला गिरफ़्तार

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** स्थानीय मेन बाजार स्थित एक दुकान से दिनदहाड़े 10 हजार रुपयों की कीमत के नोटों के गजरे और नगदी चोरी करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 5300 रुपये बरामदगी सहित गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। दो दिन पूर्व मेन बाजार स्थित अकरम की दुकान से दिन में ही आंखों में धूल झोंकते हुए अज्ञात चोर पांच-पांच हजार रुपयों की कीमत के नोटों के दो गजरे और नगदी चोरी कर ले गया था। दुकानदार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखी तो एक व्यक्ति गजरे चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिया था। पुलिस ने चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के गांव सरदारपुर छायली निवासी ओमपाल पुत्र स्व. राम सिंह के रूप में की थी। सोमवार को पुलिस ने ओमपाल को ग्राम ढेला स्थित मार्ग से गिरफ्तार कर उसके पास से 5300 रुपये भी बरामद किये हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया है।

# भगवान गणपति अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता : पं. संजय डबराल



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला दरबाराशाह स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में श्री गणेश महोत्सव पर चल रहे कार्यक्रम में पंडित जितेंद्र डबराल व पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति जी की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया। महाआरती में समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह, राजकुमार सिंह, शैलेंद्र चौधरी, मोनिका चौधरी, शक्ति सिंह, मोनू सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित संजय डबराल ने भगवान गणपति के अनेक रूपों की चर्चा करते हुए कहा कि भगवान गणपति अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं। वह अपने भक्तजनों को कभी निराश नहीं करते। उनके आशीर्वाद से रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है तथा बुद्धि का विकास होता है। भगवान गणपति की आराधना से सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न ही नहीं होते अपितु सभी कार्य स्वयं ही सध जाते हैं। पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान गणेश जी को दूध, घास, मोदक, लाल फूल, सिंदूर व शमी के पत्र चढ़ाने से वह अत्यधिक प्रसन्न होते हैं। इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एस के जौहर, कार्यक्रम संयोजक आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. राहुल वर्मा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड., अरुण पाटिल, दीपक भारद्वाज, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल व पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 4 छात्राएं टॉप 10 में शामिल हुई



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** अमानगनर स्थित तमन्ना मैरिज हॉल में आयोजित सीरत-उन-नबी प्रतियोगिता का नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा मुस्कान व मोहम्मद नाजिर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस मौके पर दोनों विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। कॉलेज की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने गर्व जताते हुए कहा कि उनके कॉलेज की 4 छात्राएं टॉप 10 में हैं। जिसमें मुस्कान ने द्वितीय, जीनत ने चतुर्थ, आयशा ने पंचम, हलीमा ने सप्तम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल श्रीमति ज्योति शर्मा व मैनेजर मोहम्मद यूनुस ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग युवक की मौत

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** सोमवार को शाम अप दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से एक दिव्यांग युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर युवक का शव कब्जे में ले लिया। रेलवे पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया मगर उसके पास से कोई पहचान संबंधी कागज न मिलने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि उक्त युवक रेलवे स्टेशन पर मांग कर अपना गुजारा करता था। मृतक एक पैर से दिव्यांग था। शायद लाइन क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

# महिला डॉक्टर को तीन तलाक दिया सिर पर वार कर घायल किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** पति से चल रहे विवाद के बीच एक महिला डॉक्टर पर कथित रूप से उनके ससुराल पक्ष के लोगों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। नगर के मौहल्ला रम्पुरा निवासी डॉक्टर इस्मत अंजुम का अपने पति ताबिश अनवार से विवाद चल रहा है। परिजनों के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला डॉक्टर को बातचीत के बहाने नजीबाबाद मार्केट स्थित शान टेंट हाउस के सामने बुलाया। आरोप है कि उन्हें अकेले आने के लिए कहा गया था। डॉक्टर के वहां पहुंचने पर उनके पति ताबिश अनवार ने कथित रूप से उन्हें तीन तलाक दे दिया। इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर के पति ने उसे तीन तलाक दे दिया तथा ससुर ने गला घोंटने का प्रयास किया, विरोध करने पर उन्हें घायल कर दिया गया। ससुर अनवार अहमद ने रस्सी से उनका गला घोंटने का प्रयास किया। डॉक्टर ने किसी तरह खुद को बचाया। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से सिर पर वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और डॉक्टर को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। परिजनों ने पुलिस को भी घटना की सूचना दी। पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## लेखपाल पर गलत ढंग से हस्तांतरण रिपोर्ट लगाने का आरोप

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेंद्र सिंह ने एसडीएम को भेजे पत्र में ग्राम नांगल में स्थित खसरा संख्या 416 के मामले में लेखपाल अभिषेक कुमार द्विवेदी द्वारा बैनामे पर हस्तांतरण रिपोर्ट गलत ढग से लगाने का आरोप लगाते हुए ग्राम नांगल में खसरा संख्या 416 पर उनके साथ, आपत्तिकर्ता वन विभाग सहित अन्य सहखातेदारों, ग्राम प्रधान व ग्रामीणों व 416 मि. खसरा संख्या के समीपवर्ती किसानों व प्रशासनिक कर्मियों की उपस्थिति में कब्जे का सत्यापन करते हुए रिपोर्ट अपने कार्यालय में उपलब्ध कराने का आदेश पारित करने की मांग की। कब्जे के सत्यापन प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराने की मांग की गई।

# गणपति जी की पूजा अर्चना कर भोग लगाया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** होली हवन कल्याण समिति के तत्वावधान में चौक बाजार में आयोजित 12 वें गणपति महोत्सव में यजमान निखिल अग्रवाल का परिवार रहा। पंडित चेतन शर्मा ने पूरे विधि विधान से गणपति जी की पूजा अर्चना कराकर भगवान गणपति को भोग लगाया। विद्वान पंडित ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि जिन व्यक्तियों ने अपने घर पर भी भगवान गणपति जी की स्थापना की है वो सभी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि गणपति जी की सूंड बाई ओर होनी चाहिए। ये खुशी और सफलता का प्रतीक है। पूजा करते समय उनके समक्ष मोदक रखना सर्वश्रेष्ठ होता है। मोदक भगवान गणपति जी का प्रिय भोग है। इस भोग को पाकर गणपति जी प्रसन्न हो जाते हैं और मन चाहा वरदान प्राप्त होता है। इस मौके पर आयोजक राजीव ग्रोवर, अरुण शर्मा काके, दीपक शर्मा दीपू, अंकित चौधरी, अंकित वर्मा, राजन टंडन गोल्डी, श्रीकांत पाटिल, अनुज अग्रवाल, अनुज कौशिक, मयंक शर्मा, महेन्द्र वर्मा, विजय शर्मा, अजय वर्मा, विजय शर्मा, सुनील पाटिल, निखिल अगवाल, लक्ष्य शर्मा, उमंग, प्रियांशु, पीयूष आदि का विशेष सहयोग चल रहा है।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश चौधरी ने किसान मोर्चा के नए प्रदेशाध्यक्ष का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी से किसान मोर्चा अधिक मजबूती के साथ किसानों के बीच पहुंचकर उनके हितों की आवाज उठाएगा। अवधेश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंच रहा है।

# राजीव तोमर उर्फ फौजी को दी भावपूर्ण विदाई

**झालू (चिंगारी)।** पुलिस बल में अपनी सेवा दे रहे पूर्व सैनिक एवं पुलिसकर्मी राजीव तोमर उर्फ 'फौजी' का स्थानांतरण हल्दौर थाने से नगीना थाना होने पर झालू पुलिस चौकी प्रांगण में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा, सजगता और जन-आत्मीयता से अटूट जुड़ाव बनाये रखने के करण उनके विदाई समारोह में भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उपस्थित गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने राजीव तोमर की कार्यशैली, तत्परता और उत्कृष्ट सेवाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक अरविंद कुमार लांबा ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए



कहा, कि राजीव तोमर ने पुलिस सेवा के दौरान नागरिकों का जो विश्वास और सम्मान अर्जित किया है, वही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों, विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों और पत्रकारों की गरिमामयी मौजूदगी रही। सभी ने राजीव तोमर को फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें शभकामनाएं दी। समारोह में डॉ. धर्मवीर सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, हल्दौर), रवि धारीवाल (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, जलीलपुर), हनी तोमर (अध्यक्ष, आरएलडी रोहिलखंड क्षेत्र), लवकुश कुमार (जिला अध्यक्ष, आरएलडी सैनिक प्रकोष्ठ), शौवीर सिंह (प्रदेश प्रभारी, ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन उत्तर प्रदेश ), सूरज सिंह दहिया (पूर्व प्रधान धर्मपुरा), यशपाल सिंह, अरविंद कुमार लांबा, झालू चौकी प्रभारी रजत चौधरी एवं चौकी का समस्त पुलिस स्टाफ,धर्मेंद्र सिंह उर्फ भोले (ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर व प्रधान मुकुंदपुर), धर्मेंद्र सिंह (प्रधान पति, गौसपुर टापरी), सौरभ कुमार व संजीव कुमार (ग्राम प्रधान खैरपुर), हेमेंद्र सिंह (प्रधान शेरपुर), धर्मेंद्र सिंह (प्रधान बाजिदपुर), गुड्डू सिंह (पूर्व प्रधान चौकपुरी), सोनू कुमार (पूर्व प्रधान खारी), फुरकान,सुरेश वर्मा , संजय वर्मा, अनुराग जोशी, पत्रकार लवलेश कुमार, नदीम आजाद, कामेंद्र सिंह, राजू अग्रवाल, विनीत चौधरी, मोहम्मद बिलाल,रिजवान सिद्दीकी, गौरव शर्मा, शैख मौ. आदिल, आदि लोगों की उपस्थित रही।

# गन्ना समिति धामपुर की सामान्य निकाय बैठक सम्पन्न

**धामपुर ( चिंगारी )।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि., धामपुर, जनपद बिजनौर की सामान्य निकाय बैठक में चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह, संचालकगण ओमप्रकाश सिंह, रोहताश सिंह, कृष्ण गोपाल, पवनीत कुमार, रणजीत सिंह, अभिषेक कुंवर, सुखविंदर सिंह, प्रकुल चौधरी, माया देवी के प्रतिनिधि दीपक चौहान एवं विमला देवी के प्रतिनिधि शुभम चौधरी डेलीगेट्स, विभागीय एवं चारों चीनी मिल के अधिकारीगण, किसान यूनियन के पदाधिकारी तथा क्षेत्र के किसान शामिल हुए।

बैठक में समिति की पिछली कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की समीक्षा, वर्तमान चुनौतियों पर विचार-विमर्श तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति से जुड़े लगभग 76,896 किसान सदस्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए गन्ना क्रय केंद्रों की व्यवस्था, पारदर्शी तौल, किसान समस्याओं के शीघ्र समाधान तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने जैसे विषयों को प्राथमिकता से रखा गया।


बैठक का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए चेयरमैन मोहन सिंह।

चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने अपने संबोधन में किसानों से विशेष आग्रह किया कि अपनी समस्याओं और सुझावों को इस मंच पर शालीनता एवं मर्यादा के साथ खुलकर रखें, क्योंकि किसान की आवाज को मजबूती देने के लिए संवाद और सहकारिता सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है।

अमित कुमार पांडे एससीडीआई गन्ना विकास परिषद धामपुर ने अपने संबोधन में गन्ना बुवाई व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों को विस्तार पूर्वक दी, संचालन विनोद कुमार सिंह सचिव गन्ना समिति धामपुर ने किया।

### उत्तराखण्ड सहित अन्य राज्यों में भी व्यापारियों की सेवा करेगा व्यापारी एकता परिषद

## व्यापारियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता- राहुल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सोमवार की सुबह व्यापारी एकता परिषद के संस्थापक अध्यक्ष बिजनौर निवासी राहुल वर्मा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर पहुंचकर भेंट की। राहुल वर्मा ने बताया कि व्यापारी एकता परिषद व्यापारियों की सुरक्षा सम्मान व्यापारियों की हक की लड़ाई लड़ता है। उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी संगठन के विस्तार का कार्य करने की योजना है। सोमवार को संगठन के अन्य पदाधिकारी के साथ मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचकर उनसे भेंट की। साथ ही उन्हें अवगत कराया कि अब व्यापारी एकता परिषद उत्तराखंड के कई जिलों में संगठन का विस्तार करने वाला है। राहुल वर्मा ने बताया कि उत्तराखंड के साथ-साथ अन्य राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान आदि राज्यों में भी व्यापारी एकता परिषद जल्द ही अपने संगठन का गठन करने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने भी विश्वास दिलाया कि वह व्यापारी एकता परिषद के इस व्यापारी सेवा में पूर्ण सहयोग देंगे और व्यापारी हितों में उनकी सरकार सहयोग करेगी।



### फसल का डेढ़ गुना दाम और गन्ने का भाव 700 रुपये कुंतल करने की मांग

## भाकियू भानू ने डीएम को दिया ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन भानू से जुड़े किसानों ने फसल की लागत का डेढ़ गुना मूल्य दिलाने समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अचल शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान नुमाइश मैदान में एकत्र हुए। इसके बाद किसान नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसल की लागत का डेढ़ गुना दाम दिलाने और किसानों को अपनी फसल का मूल्य तय करने का अधिकार देने की मांग की। इसके साथ ही किसान आयोग का गठन कर उसमें किसान हितैषी विशेषज्ञों को शामिल किए जाने की मांग भी उठाई गई।

किसानों ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए गन्ने का भाव 700 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की। इसके अलावा गुलदार के हमले में दुर्घटना होने पर मिलने वाली सहायता राशि को पांच लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने, किसान और मजदूरों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने तथा 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर किसान एवं मजदूरों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने की मांग रखी।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। ज्ञापन देने वालों में विकुल चौधरी, भाग सिंह, वीरेंद्र गुर्जर, अराज मलिक, मनव्वर अली आदि किसान शामिल रहे।


## कल जिनकी 32वीं पुण्यतिथि थी



**स्व. हरिसिंह निर्भय**

**(अवसान 21 सितम्बर 1994)**

आपकी ओजस्वी वाणी और प्रखर लेखनी हमें प्रेरणा देती रही है, देती रहेगी। हम आपके सपनों को साकार करने के लिये प्रयत्नशील हैं, सदैव प्रयत्नशील रहेंगे।

**पुण्यतिथि पर आपको**


**शत-शत नमन**

**रघुवंशी परिवार, बिजनौर**

# विवेक विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस दिवस में भाग लिया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के स्कूल ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली में आयोजित छठे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस दिवस में प्रतिभाग किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन इंडियन फार्माकोपिया कमीशन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को फार्माकोविजिलेंस औषधि सुरक्षा मरीजों की सुरक्षा तथा देश की राष्ट्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्रीमती अनुप्रिया पटेल राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा डा. वी.कैलासेलवन सचिव सहवैज्ञानिक निदेशक इंडियन फार्माकोपिया कमीशन से संवाद किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन डा. सौरभ शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के ऐसे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एन.के. गुप्ता ने विद्यार्थियों की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कक्षा तक सीमित शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे महत्वपूर्ण अकादमिक और स्वास्थ्य संबंधी प्रयासों से जोड़ना भी है। यह शैक्षणिक भ्रमण डा. रिजवान अहमद एवं डा. छवि वर्मा के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# जानलेवा हमले के दोषी पिता-पुत्र सहित तीन को 4-4 साल की सजा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना श्री शारिक सिद्दीकी ने पिता-पुत्र सहित तीन अभियुक्तों को जानलेवा हमले के मामले में चार चार वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार कोतवाली देहात थानांतर्गत ग्राम गनौरा निवासी जोगेंद्र पुत्र भगवंत सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी छाया सैनी 13 जुलाई 2023 को खेत में काम कर रही थी, तभी गांव के ही यादराम पुत्र जग्गू, धर्मेन्द्र पुत्र यादराम और टिपेंद्र पुत्र राजपाल ने उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना शारिक सिद्दीकी ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त यादराम, धर्मेद ओर टिपेंद्र को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 308 के तहत चार-चार वर्ष कठोर कारावास और तीन-तीन हजार रुपए अर्थदंड, धारा 323 के तहत छह-छह माह कठोर कारावास और पांच-पांच सौ रुपए अर्थदंड, धारा 324 के तहत एक-एक वर्ष कठोर कारावास और एक-एक हजार रुपए अर्थदंड, धारा 504 के तहत एक-एक वर्ष कठोर कारावास और पांच-पांच सौ रुपए अर्थदंड तथा धारा 506 के तहत एक-एक वर्ष कठोर कारावास और एक-एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# राष्ट्र स्वयंभू है, कृत्रिम नहीं- मुकेश कुमार

## आरएसएस की नियमित शाखायें लगाने पर जोर दिया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** देवता महाविद्यालय मौरना के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक में विभाग कार्यवाह मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों से संघ स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर अपने-अपने स्थान पर नियमित शाखा लगाने, राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से पंच परिवर्तन को स्वयं अपनाने तथा समाज इसके प्रति जाग्रत करने को कहा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, समानता, स्व कर्तव्य, स्व बोध पर सबसे पहले स्वयं व अपने परिवार में कार्य होना है। इसके बाद समाज को इसके प्रति जागरूक करना है। परिवार में एकता जरूरी है, तभी हम समाज में अच्छा संदेश दे पायेंगे। संघ वर्ष में 6 उत्सव आयोजित करता है। हर शाखा पर ये उत्सव होने चाहिये। शारीरिक होना चाहिए। उन्होंने कहा यह राष्ट्र स्वयंभू है, कृत्रिम नहीं। बैठक में खण्ड संचालक डा. रोहिताश सिंह, खण्ड कार्यवाह जीतेन्द्र कुमार, सहसंचालक हरि सिंह तथा राजनैतिक क्षेत्र से पुष्पेंद्र शेखावत, रामवीर सिंह, धर्मेंद्र सैनी, राजीव त्यागी, कविश राणा आदि मौजूद रहे।

# कुट्टी मशीन पर सो रहे वृद्ध के सिर पर किया ईंट से वार

## गंभीर रूप से घायल, घटना से सनसनी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चांदपुर की चुंगी पर अपनी कुट्टी मशीन पर सो रहे 74 वर्षीय वृद्ध पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उनकी मरहम-पट्टी कराई।

स्थानीय मोहल्ला मिर्दगान निवासी मतलूब के अनुसार, वह रोज की तरह बीती रात भी चांदपुर की चुंगी स्थित अपनी कुट्टी मशीन पर सो रहे थे। रात करीब एक बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने सोते समय उनके सिर पर ईंट से वार कर दिया। अचानक हुए हमले से वह घायल हो गए। मतलूब ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि हमला किसने और किस कारण से किया। उनका कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश भी नहीं है। घटना के बाद परिजनों ने उनकी मरहम-पट्टी कराई। बताया जाता है कि चांदपुर की चुंगी पर पुलिस पिकेट भी लगती है, लेकिन घटना के समय वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# यातायात पुलिस ने चलाया 'मीट एंड ग्रीट' अभियान

## नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 26 चालक पकड़े

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महिलाओं की सुरक्षा और सुरक्षित यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यातायात पुलिस ने 19 और 20 सितंबर को विशेष मीट एंड ग्रीट अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने महिलाओं और युवतियों से संवाद कर उनकी सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं और सुझाव जाने। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 153 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी रवि नैन ने बताया कि 75 वाहनों में फाल्टी या अनियमित नंबर प्लेट पाई गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 26 वाहनों में अनधिकृत तरीके से बदलाव या मॉडिफिकेशन पाया गया। प्रेशर हॉर्न या हूटर का प्रयोग करने वाले 23 वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा तीन नाबालिग वाहन चलाते मिले। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की। पुलिस ने कहा कि प्रेशर हॉर्न, अनधिकृत वाहन मॉडिफिकेशन और अनियमित नंबर प्लेट यातायात व्यवस्था के लिए परेशानी का कारण बनते हैं।

### बच्चे न चलाएं वाहन

**यातायात पुलिस ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें और उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित और अनुकूल वातावरण बनाने में सहयोग करने की अपील की।**

# राज्य स्तरीय नेट बॉल प्रतियोगिता के लिये 21 खिलाड़ियों का चयन



**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** खेल महाकुंभ के तहत होने वाली राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल रविवार को जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में आयोजित किया गया। ट्रायल में जिले के विभिन्न खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना और मैदान पर प्रदर्शन को परखा गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल के 9 बालकों और 12 बालिकाओं समेत कुल 21 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। चयन प्रक्रिया का शुभारंभ विद्यालय के समरपाल सिंह सहोता ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना पैदा होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई तक सीमित रखने के बजाय उन्हें खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेलों में प्रतिभा रखने वाले विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। नियमित अभ्यास के साथ खिलाड़ियों की फिटनेस और तकनीक पर भी ध्यान दिया जाता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 21 विद्यार्थियों के चयन पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।






# वेस्ट चीजों से आकर्षक कलाकृतियां बनायीं



**नहटौर ( चिंगारी )।** 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के अंतर्गत मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज में 'वेस्ट टू आर्ट' गतिविधि का आयोजन किया। छात्राओं ने प्लास्टिक की खाली बोतलों, पुराने कपड़ों, गत्ते व अन्य कबाड़ सामग्री से आकर्षक मॉडल एवं कलाकृतियां तैयार कीं। सोमवार को मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज नहटौर में कार्यक्रम में छात्राओं ने बेकार एवं अनुपयोगी सामग्री को रचनात्मक रूप देकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर पालिका परिषद की ओर से गतिविधि में उत्कृष्ट सहभागिता करने वाली 25 बालिकाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी देवराज कुमार ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य नई पीढ़ी को कचरे के उचित निस्तारण, पुनः उपयोग के प्रति जागरूक करना। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार उपाध्याय, लिपिक रमेशचंद शर्मा, अतुल कुमार, शाहज़ेब आलम, सलीम अहमद, सहयोगी संस्था भूमि फाउंडेशन एवं आईसी टीम से देवराज, नरेंद्र चैनवाल, विशाल वर्मा, आशीष थौरिया, तालिब आदि रहे।

# फायरिंग की घटना के सबूत जुटा रही पुलिस

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल स्थानीय स्टेट बैंक के सामने हुई फायरिंग में एक युवक ने थाने पहुंचकर बताया कि वह गोली चलाने वाले को पहचानता है। उधर पुलिस ने कहा कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और घटना में शामिल युवकों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। बता दें कि कल दोपहर स्टेट बैंक के सामने हुई फायरिंग के बाद एक युवक थाने पहुंचा। उसने अपना नाम केशव (19 वर्ष) पिता का नाम राजेंद्र निवासी ग्राम शहाबपुर रतन बताया कि वह 1:00 बजे स्टेट बैंक के सामने खड़ा था, तभी बुलेट पर सवार होकर तीन युवक आए और उसके ऊपर फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच। हमलावरों में से एक को वह पहचानता है। उसके दाहिने हाथ में चोट आई। पुलिस ने तुरंत उसका मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें कोई धारदार चोट नहीं पाई गई। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त घटना के सबूत जुटाए जा रहे हैं और हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# लघु गत्ता फैक्ट्री का उद्घाटन



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम इलाहाबाद में गत्ता लघु उद्योग फैक्ट्री का पूर्व ब्लॉक प्रमुख मृणाल भारद्वाज एवं विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार प्रांत प्रमुख नेपाल सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। फैक्ट्री स्वामी नरेश सैनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि यह लघु उद्योग क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। गत्ता फैक्ट्री में वेस्ट मटेरियल के द्वारा नया गत्ता तैयार किया जाएगा।

# सामाजिक संगठन 'जनता का बल', स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का चाहता हल

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संगठन जनता का बल की ओर से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने तथा विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की गई। ज्ञापन में जनरल सर्जन, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर से करीब ढाई लाख की आबादी जुड़ी हुई है। इन सुविधाओं को लेकर पूर्व में भी कई बार ज्ञापन दिये जा चुके हैं, लेकिन अभी तक अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं।



ज्ञापन में कहा गया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों और जांच सुविधाओं के अभाव में मरीजों को उपचार के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ता है, जो किरतपुर से करीब 18 किलोमीटर दूर है। जिला अस्पताल में भी मरीजों की अधिक भीड़ होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। संगठन ने जनहित को देखते हुए सीएचसी में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष ईशान तालिब, महामंत्री हसन अली चौधरी, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद खालिद, अतुल टेंडरिया, मोहम्मद जैद, सैयद मुदस्सिर अली, आकिब, मोहम्मद आजाद आदि शामिल रहे।

# रालोद लगातार मजबूत हो रहा - बिड्डी




**हल्दौर ( चिंगारी )।** यहां गंज रोड पर स्थित एक बैंकट हॉल में राष्ट्रीय लोकदल के सहकारिता प्रकोष्ठ का संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। सोमवार को रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप की अध्यक्षता व संजीव कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि गठबंधन सरकार द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार किसानों के सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी रही है। उन्होंने कहा कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के प्रयासों से संगठन को लगातार मजबूती मिली है। पूर्व सांसद मुंशीराम पाल ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने और सक्रिय पदाधिकारियों की टीम तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ने सुरेंद्र सिंह को सहकारिता प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें मनोयन पत्र सौंपा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, पूर्व प्रदेश महासचिव ब्रजवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, हनी तोमर, अलबेल सिंह, कुलदीप सिंह चिकारा, शमीम अहमद, सुरेंद्र सिंह, भानुप्रताप सिंह, डॉ. समरपाल सिंह, सुनील कुमार, छोटन सिंह, पीतम सिंह, भूपेंद्र सिंह चिकारा, महफूज आलम गुड्डू, प्रीतम सिंह, जयपाल सिंह, यशवीर सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह अहलावत, सुरेंद्र सिंह निंदना, सतीश कुमार ढाका, डॉ. सुरेश सिंह, मा.सुशील कुमार, ठा. मदनपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हल्दौर में हुआ रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ का कार्यक्रम

# सीएचसी स्योहारा में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ली अंगदान की शपथ



**स्योहारा ( चिंगारी )।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद स्योहारा में अंगदान शपथ कार्यक्रम और विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को अंगदान की शपथ दिलाई। सभी ने जरूरतमंद लोगों की मदद करने और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान आयोजित विशेष जांच शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, आंखों, बलगम तथा अन्य रक्त जांच की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में करीब 460 लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य जांचों का लाभ उठाया। डॉ. बी.के. स्नेही ने कहा कि अंगदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। इसके माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सेवा भावना और जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में बीडीओ स्योहारा अरुण कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद देशवाल, डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अभिजीत भारद्वाज, डॉ. अनमोल अरोरा, डॉ. रहमत सहित सीएचसी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध जंग, 25 को कलेक्ट्रेट पर गरजेगा किसान संघ

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भारतीय किसान संघ ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जंग लड़ने का ऐलान करते हुए 25 सितंबर को कलेक्ट्रेट पर ट्रैक्टर रैली निकालने एवं महापंचायत करने की घोषणा की है। जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ ने जिला प्रशासन के समक्ष अपने संगठन की शक्ति का प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने आरोप लगाया कि रावली तटबंध के निर्माण में भारी घोटाला हुआ है। इस घोटाले का पर्दाफाश करने के लिये तटबंध निर्माण की जांच सतर्कता विभाग (विजिलेंस विभाग) से करायी जाये। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों का कोई भी काम, किसी भी कार्यालय में बिना रिश्वत लिये नहीं हो रहा है। भारतीय किसान संघ इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भ्रष्ट कर्मियों द्वारा किसानों को लूटने नहीं दिया जायेगा। इसके अलावा प्रदर्शन कर सरकार से मांग की जायेगी कि प्रत्येक किसान परिवार के सभी सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रूपये से बढ़ाकर कम से कम 12 हजार रूपये की जाये। बढ़ती लागत को देखते हुए आगामी पेराई सत्र के लिये गन्ने का मूल्य कम से कम 500 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित किया जाये तथा पेराई सत्र शुरू होने से पहले ही गन्ना मूल्य घोषित किया जाये।



राजकुमार सिंह

# मुर्गी फार्म में चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी मौ. हारून पुत्र इंतजार अहमद का नहटौर रोड पर रेलवे फाटक पार मुर्गी फार्म है,जो वर्तमान में बंद पड़ा हुआ है। बीती रात चोरों ने मुर्गी फार्म में बनी कोठरी का कुंडा उखाड़कर वहां से गैस सिलेंडर, बैटरा व अन्य सामान चोरी कर लिया। एक अन्य घटना में वाहन चोर डाकघर के बाहर से ग्राम कमालपुर निवासी वसीम अहमद पुत्र मकसूद अहमद की मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। वसीम अपना आधार कार्ड सही कराने के लिए नगर स्थित पोस्ट आफिस आया था, चोर पोस्ट आफिस के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल यूपी 20 बीवाई 7399 चोरी कर ले गये। काफी तलाश करने पर भी मोटरसाइकिल का कहीं अता-पता नहीं लग सका। एक अन्य घटना में चोर ग्राम दत्तियाना में विशाल कुमार के खेत में लगे सोलर पैनल का कंट्रोल चोरी कर ले गए।

# गुड़ मंडी में हुआ हवन-पूजन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के हल्दौर रोड स्थित गुड़ मंडी में हवन पूजन के साथ नये सीजन की शुरुआत की गई। इस अवसर पर व्यापार में तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। सोमवार को गुड़ मंडी में हवन हुआ, जिसमें गुड़ व्यापारियों ने पूर्ण आहुति दी। पं. वीरेन्द्र भारद्वाज ने हवन सम्पन्न कराया, जिसमें मुख्य यजमान शैलेन्द्र सिंह बब्बू रहे। हवन में शैलेंद्र सिंह उर्फ बब्बू, अजय कुमार मित्तल, सुबोध गुप्ता, विमल अग्रवाल, पल्लव अग्रवाल, सतीशचंद्र गोयल, योगेश शर्मा, उदित गुप्ता, कपिल गोयल, हरिओम अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, वीरेंद्र राजपूत, दीपक अग्रवाल, पंकज सिंह, विनय अग्रवाल, दिनेश त्यागी, विवेक चौधरी, गौरव चौधरी, सुशील गोयल, आशु गोयल, अरविंद जोशी, प्रदीप कुमार, उदयराज सिंह, टीटू सिंह, अमरकांत शर्मा, अखिलेश कुमार, निखिल अग्रवाल आदि गुड़ व्यापारी मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव से मिले आसिफ असलम

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ असलम ने लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। आसिफ़ असलम ने बताया कि उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सहारनपुर की रामपुर मनिहारान विधानसभा, चांदपुर विधानसभा तथा बिजनौर जनपद की अन्य विधानसभा सीटों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यह संवाद संगठन को और मजबूती देने तथा क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।



# गणपति जी को शोभायात्रा के साथ विदा किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर स्थित हनुमान मंदिर से भगवान गणपति की प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में श्रद्धापूर्वक ब्रजघाट ले जाकर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल खेला। गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर ब्रजघाट पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

सोमवार की दोपहर को भगवान गणपति की प्रतिमा को पूजा अर्चना के बाद बग्घी में विराजमान कर शोभायात्रा के रूप में अम्बेडकर चौक ले जाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल खेला। डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बाद में भगवान गणपति की प्रतिमा को फोर व्हीलर से ब्रजघाट ले जाकर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, एडवोकेट प्रमोद सूर्या सैनी, शिवली खान, प्रभात गुप्ता एडवोकेट, मनोज शर्मा, सभासद विशाल शर्मा बल्ली, सुनील शर्मा, संस्कार शर्मा, सक्षम शर्मा, संजय प्रजापति, मनोज यादव, गौरव आर्य सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।



# आखिरकार, नेत्रहीन चुड़्दी सिंह का सपना हुआ साकार

## प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त खाते में आई बि.टा. ग्रुप के संवाददाताओं से संगे बुनियाद रखाई



संगे बुनियाद रखते बिजनौर टाइम्स ग्रुप के संवाददाता साथ में नेत्रहीन चुड़्दी सिंह।

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** बिजनौर टाइम्स ग्रुप की बदौलत आखिरकार एक बेसहारा, नेत्रहीन व्यक्ति को आशियाना मिलने का सपना साकार हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त अनाथ चुड़्दी सिंह के बैंक खाते में पहुंचने पर उसने अपने आवास की संग-ए- बुनियाद बिजनौर टाइम्स ग्रुप के संवाददाताओं से रखवाते हुए कहा कि अगर बिजनौर टाइम्स ग्रुप के समाचार पत्र उसकी मुसीबतों को जिला प्रशासन के सामने न लाते तो शायद उसका आवास बनने का सपना सच नहीं हो पाता। स्थानीय मुहल्ला नौमी निवासी चुड़्दी सिंह (48 वर्ष) पूर्णत:, नेत्रहीन एवं बेसहारा व्यक्ति है। जब वह 6 वर्ष का था, तभी उसकी आंखों की रोशनी चली गई थी। बाल्यावस्था में मां-बाप की मौत हो जाने पर चुड़्दी सिंह अनाथ व बेसहारा हो गया था। सौ फीसदी ब्लाइंड होने के बावजूद चुड़्दी सिंह ने जीवन में कभी भीख मांगकर अपना पेट नहीं भरा, बल्कि आटा चक्की पर आटा पीसकर मजदूरी के रूप में जो चंद रुपए मिलते थे,उन्हीं से बीते 35 वर्षों से वह अपनी गुजर बसर करता आ रहा है। चूड़्दी सिंह के जीवन की खास बात यह कि वह नेत्रहीन व बेसहारा होने के बावजूद बीते तीन दशक से अधिक समय से प्रतिदिन लकड़ी के चूल्हे पर नाश्ते से लेकर दोनों समय का भोजन खुद अपने हाथों से बनाकर खाता है। चुड़्दी सिंह की एक बड़ी समस्या यह थी कि वह जिस मकान में रहता था, वह कच्चा एवं जर्जर हालत में था। जिसकी छत की कई लकड़ियां गिर भी चुकी थीं। चुड़्दी सिंह को जर्जर मकान में रहते हुए हर समय जान का खतरा बना रहता था। उसकी इच्छा थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उस गरीब को भी अगर पक्का आशियाना मिल जाए तो शायद उसके जीवन पर मंडरा रहा संकट समाप्त हो जाए। बिजनौर टाइम्स ग्रुप के समाचार पत्रों बिजनौर टाइम्स और सांध्य दैनिक चिंगारी ने चुड़्दी सिंह की इस व्यथा को पूर्व में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। तब इसका संज्ञान लेकर तत्कालीन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने चुड़्दी सिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास दिलाने के लिए निर्देश दिए थे।जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर चुड़्दी सिंह के जर्जर भवन की मरम्मत कराकर शौचालय का निर्माण व पीने के पानी का कनेक्शन करा दिया था।

हिंदी की एक कहावत है 'कानी के ब्याह को सौ जौखों' इस कहावत की तरह ही अनाथ व नेत्रहीन चुड़्दी सिंह को भी पक्का आवास मिलने की राह में सैकड़ों जोखिम व समस्याएं थी। तब जिला प्रशासन ने चुड़्दी सिंह को पक्का आवास दिलाने के लिए निर्देश तो कर दिए थे किंतु प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए चुड़्दी सिंह के पास आधार कार्ड के अलावा आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा आवास में बिजली या पानी का कनेक्शन न होने पर विद्युत एवं जलकर पर कोई रसीद नहीं थी जिसके चलते उस समय चुड़्दी सिंह को योजना का लाभ नहीं मिल पाया था। चुड़्दी सिंह के पक्के आवास के सपने को पूरा करने के मार्ग में आने वाली सैंकड़ों तरह की बाधाएं, अनगिनत जोखिम और अड़चनों को बिजनौर टाइम्स ग्रुप ने दूर कराते हुए गरीब के सभी प्रमाण-पत्र बनवाए। आखिरकार समस्त औपचारिकता पूरी कराने के बावजूद जनवरी 2026 में सैकड़ो लोगों के बैंक खातों में पीएम आवास योजना की किश्त आ गई किंतु इस बार भी चुड़्दी सिंह के बैंक खाते में योजना की किश्त इसलिए अटक गई कि वह अविवाहित है। बताते चलें कि पीएम आवास योजना में वरीयता युगल दंपति को दी गई है और किश्त का पैसा भी महिला के अकाउंट में पहुंचता है। अधिकारियों से जब यह बताया गया कि चुड़्दी सिंह बेसहारा व नेत्रहीन होने के अलावा अविवाहित भी है, वह पत्नी का बैंक खाता कहां से लाएं, तब जाकर अधिकारियों ने इस अंतिम बाधा को दूर कराया और अब चुड़्दी सिंह के बैंक खाते में पीएम आवास योजना की पहली किश्त पहुंच सकी है। बैंक अकाउंट में किस्त पहुंचने के बाद आखिरकार चुड़्दी सिंह को पक्का आवास मिलने का सपना पूरा हो गया है। इस अवसर पर आज चुड़्दी सिंह ने अपने आवास की संगे- बुनियाद बिजनौर टाइम्स ग्रुप के संवाददाता अतीक अली जैदी व राशिद मलिक के हाथों रखवाते हुए खुशी का इज़हार करते हुए कहा कि अनाथ और बेसहारा होने के चलते उसके पक्का आवास बनने का सपना पूरा होने में सैकड़ों तरह की कठिनाईयां थीं। बिजनौर टाइम्स ग्रुप की बदौलत ही उसका यह सपना साकार हो सका है।


नेत्रहीन चुड़्दी सिंह : जिंदा रहने के लिये जान जोखिम में डालनी पड़ती है
मगर खुद्दारी ऐसी कि आप सुनकर रह जायेंगे दंग

चिंगारी में प्रकाशित समाचार

## जिला कैमिस्ट एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला महासचिव सतीश गहलौत के प्रतिष्ठान पर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कैमिस्ट समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन की मजबूती और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, जिला चेयरमैन देवेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष सोनू भाई सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं प्रमुख कैमिस्ट बंधु उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि कैमिस्ट समाज की समस्याओं को मजबूती से उठाने तथा उनके समाधान के लिए संगठन की एकजुटता सबसे महत्वपूर्ण है। सभी पदाधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कैमिस्ट बंधुओं के हित में लगातार कार्य करने का संकल्प लिया।

## ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता हुई



**नहटौर (चिंगारी)। एसएनएसएम इंटर कॉलेज नहटौर में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ड्राइंग प्रतियोगिता में काजल कुमारी 10 ए ने प्रथम, कुमारी शैली 12 ए ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कुमारी अल्सा 12 ए ने प्रथम व आयशा 12 ए ने प्राप्त द्वितीय स्थान किया। प्रधानाचार्य दुष्यंत त्यागी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य चिंतामणि यादव, सहायक अध्यापक जयदेव सिंह, गौतम यादव, अरुण कुमार, अंकित कुमार एवं सोनाली भटनागर आदि उपस्थित रहे।**


## बिना आप्रेशन संभव है बवासीर का उपचार



डा. सुधांशु चौधरी

**बिजनौर (चिंगारी)। बेहतर स्वास्थ्य में पेट की अहम भूमिका रहती है। लम्बे समय तक पेट में कब्ज रहने से आंतों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। जिसके चलते मनुष्य बावसीर, फिशर, भगंदर, गुदा फोड़ा और अन्य कोलोरेक्टल रोगों की चपेट में आ जाता है।**

यह कहना है प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ डा. सुधांशु चौधरी MS (ANORECTAL SARGEAN) का। गुड़गांव, नोएडा के साथ हफ्ते में दो दिन बिजनौर आकर मरीजों को अपनी सेवायें दे कर गुदा रोगों में असहनीय पीड़ा व जलन आदि से परेशान व हताश मरीजों को पूर्णत: रोग मुक्त कर उनके जीवन में नई आशा व उत्साह का संचार कर रहे हैं। डा. सुधांशु के अनुसार उनके यहां कई मरीज ऐसे आते हैं जो कि दर्द व जलन से परेशान लगते हैं, लेकिन ईश्वर की विशेष अनुकम्पा से वे कुछ ही दिनों में पूर्णत: स्वस्थ व चेहरों पर मुस्कान लेकर वापस जाते हैं।

**गुदा रोगों के कारण :-** खराब गतिहीन व तनाव भरी जीवन शैली, मोटापा, अधिक मसाले व तला भूना भोजन, बार-बार भारी सामान उठाना, लम्बी सीटिंग, कब्ज, कम पानी आदि इसके विपरीत गुदा रोगों से बचने के उपाय भी इसमें सम्माहित हैं।

**न छिपायें, न शर्मायें:-** डा. सुधांशु के अनुसार बावासीर, भगंदर, फिशर आदि गुदा रोग कोई गम्भीर न होकर सामान्य समस्या है। डब्ल्यू एचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार 50 वर्ष तक 75 प्रतिशत आबादी इनसे प्रभावित हो जाती है। परंतु इन्हें लेकर शर्मायें व छिपायें नहीं और न ही नीम-हकीमों व घरेलू उपचारों के फेर में बिल्कुल न पड़े।

## न शर्मायें, न छिपायें और न घबरायें



**बिना आप्रेशन, बिना चीरफाड़ की नयी तकनीक:-** डा. सुधांशु बताते हैं कि उनके यहां नयी तकनीक से समस्त गुदा रोगों का स्थायी इलाज किया जाता है। जिससे रोगियों को यह रोग भविष्य में कभी नही होते। इस नयी तकनीक में बिना आप्रेशन, बिना चीरफड़, बिना भर्ती करे, साथ ही रिकवरी भी अति शीघ्र होती है।

**सप्ताह में दो दिन बिजनौर :-** गुड़गांव, नोएडा के साथ डा. सुधांशु सप्ताह में दो दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर व प्रत्येक शुक्रवार को बास्टा स्थित श्री साईं अस्पताल निकट बस स्टैण्ड चौराहे पर बैठकर क्षेत्र के रोगियों को अपनी सेवायें दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी शंका के समाधान हेतु मौ. नं.-7302127966, 9411226422 व 9871884104 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# राम मंदिर में 70 नहीं, 105 बार चढ़ावा चोरी

## सुप्रीम कोर्ट में एसआईटी बोली- सभी घटनाएं सीसीटीवी में रिकॉर्ड

**अयोध्या ( चिंगारी )।** अयोध्या में स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक बड़ा और चौकाने वाला खुलासा हुआ है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया गया कि मंदिर के सीसीटीवी फुटेज की जांच में चढ़ावा चोरी की 70 नहीं, बल्कि कुल 105 घटनाएं कैद हुई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर अदालत को पूरे मामले की जानकारी दी। अदालत ने एसआईटी की इस स्टेटस रिपोर्ट को अपने रिकॉर्ड पर ले लिया है। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि एसआईटी की जांच प्रक्रिया



लगभग पूरी हो चुकी है। जांच दल ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयानों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण करके आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की है। मंदिर में आने वाले चढ़ावे और कीमती सामान की रसीदें आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार की जाती हैं और चढ़ावे की राशि को एसबीआई यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लॉकर में सुरक्षित रखा जाता है। इससे पहले 23 जून को पहली एसआईटी ने अपनी प्राथमिक जांच रिपोर्ट प्रदेश सरकार को सौंपी थी, जिसमें 27 अप्रैल से 5 जून के बीच करीब 70 संदिग्ध घटनाएं सामने आई थीं। उस फुटेज में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 8 आरोपी नोटों की गड्डियों को अपनी जेब और जूतों में छिपाते हुए साफ तौर पर दिखाई दिये थे। सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देशों के बाद इस मामले की जांच के लिए एक दूसरी एसआईटी का गठन किया गया था, जो वर्तमान में इसकी जांच

# पश्चिमी यूपी में बिछी 2027 की सियासी बिसात

## रालोद की समरसता, तो गुर्जर बहुल इलाकों में सपा की सक्रियता

**अमरोहा ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश का राजनीतिक तापमान तेजी से चढ़ने लगा है। एक तरफ राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी जाट बहुल इलाकों में सामाजिक समरसता अभियान के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं, तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी (सपा) किसान, खाप चौधरियों और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के



नये राजनीतिक फॉर्मूले से अपना दायरा बढ़ाने की कोशिश में जुटी हैं। मौजूदा क्षेत्रीय हालात के मुताबिक जाट समाज में जहां रालोद-भाजपा गठबंधन का प्रभाव कायम रखने के प्रयास जारी हैं, वहीं दूसरी ओर नोएडा, बुलंदशहर, सहारनपुर, मेरठ, हापुड़, अमरोहा जैसे गुर्जर बहुल इलाकों में सपा की सक्रियता ने भाजपा के सामने अपने सामाजिक जनाधार के विस्तार की एक नई चुनौती खड़ी कर दी है।

मुजफ्फरनगर में रविवार को आयोजित रालोद के सामाजिक समरसता सम्मेलन से जयंत चौधरी ने गन्ना मूल्य और समय पर भुगतान के मुद्दों को उठाकर अपने पारंपरिक जाट वोट बैंक के साथ-साथ अन्य वर्गों को जोड़ने का स्पष्ट संदेश दिया है। पार्टी की योजना जिला स्तर पर ऐसे सम्मेलनों के जरिए अपनी राजनीतिक पैठ को नये सामाजिक दायरों में फैलाने की है। तो वहीं दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी की रविवार को पश्चिमी यूपी की जनसभा में जमीनी राजनीति को नया मोड़ देने तथा पार्टी के 75 जिले-75 घोषणा-पत्र की रणनीति पर आगे बढ़ने पर जोर है। इसके तहत सपा स्थानीय समस्याओं, रोजगार, शिक्षा, बिजली और सिंचाई जैसे क्षेत्रीय मुद्दों को सीधे पीडीए एजेंडे से जोड़ रही है। पार्टी की विशेष नजर गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव दलित समुदायों पर है, ताकि गुर्जर बहुल क्षेत्रों में गठबंधन के मुकाबले अपनी सीधी बढ़त बनाई जा सके। अब पश्चिमी यूपी की राजनीति केवल जाट बनाम गुर्जर के पुराने पारंपरिक खांचे तक सीमित नहीं रह गई है।

# पश्चिमी यूपी में चुनावी सरगर्मियां तेज

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अभी करीब आठ माह का समय है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेरठ दौरे के बीच पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी है, वहीं मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को निशाना बनाकर लगाए गए पोस्टरों से राजनीतिक विवाद भी सामने आया है। नितिन नबीन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे में मेरठ और सहारनपुर शामिल हैं। मेरठ में उन्होंने संगठनात्मक बैठकों के साथ बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसी दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात का प्रयास किया। सोमवार को मेरठ में पुलिस ने अधिवक्ताओं की बस को रोक लिया, जिसके बाद पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। बाद में अधिकारियों ने केंद्रीय संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया।

**मुद्दों और सियासी नैरेटिव के बीच बढ़ी हलचल**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ की मांग लंबे समय से चली आ रही है और इसका असर मेरठ के अलावा आसपास के जिलों में भी देखा जाता रहा है। ऐसे में क्षेत्रीय न्याय और प्रशासनिक पहुंच से जुड़ा यह मुद्दा आगामी चुनाव में राजनीतिक चर्चा का हिस्सा बन सकता है। दूसरी ओर, मुरादाबाद में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ लगाए गए गुमनाम पोस्टरों को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। पोस्टरों में माफियाराज समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। सपा नेताओं ने कई पोस्टर हटाए और मामले में कार्रवाई की मांग की है। पोस्टरों पर किसी संगठन या व्यक्ति का नाम नहीं होने की वजह से इन्हें लगाने वालों की पहचान को लेकर भी सवाल उठे हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियों के बीच किसान और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दे भी महत्वपूर्ण हैं। गन्ना किसानों की ओर से बकाया भुगतान और ब्याज के मुद्दे उठाए जाते रहे हैं। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य के रूप में गठित करने की मांग भी समय-समय पर राजनीतिक विमर्श में आती रही है। क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों में जाट, गुर्जर, मुस्लिम, दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। ऐसे में विभिन्न राजनीतिक दल संगठन विस्तार और सामाजिक समूहों तक पहुंच बनाने पर जोर दे रहे हैं। आगामी महीनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दलों की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। मेरठ में भाजपा की संगठनात्मक कवायद, मुरादाबाद में पोस्टर विवाद और हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग जैसे घटनाक्रमों के बीच क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर राजनीतिक बहस भी तेज हो रही है।




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# आयुष ध्यानी खेल महाकुंभ के लिए चयनित, विद्यालय में हुए सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री गुरू रामराय पब्लिक स्कूल कोटद्वार में ग्यारहवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र आयुष ध्यानी का खेल महाकुंभ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला स्तर के लिए चयन हुआ है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आयुष ध्यानी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुसूया वर्मा ने कहा कि महाकुंभ खेलों के अंतर्गत आयुष ध्यानी ने लांग जंप, सौ मी. रेस और रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस प्रदर्शन पर आयुष का चयन जिला स्तर के लिए हुआ है। कहा कि विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास के लिए लगातार कार्य किया जाता है और यहां के विद्यार्थी उच्च पदों पर कार्य करते हुए देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



कोटद्वार स्थित एसजीआरआर पब्लिक स्कूल में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्र आयुष ध्यानी को सम्मानित करते हुये।

## तैड़िया गांव के विस्थापना की प्रक्रिया को ग्रामीणों ने दी सहमति

### विस्थापन कोर कमेटी का गठन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कॉर्बेट नेशनल पार्क के कालागढ़ टाइगर रिजर्व लैंसडौन के अंतर्गत मैदावन रेंज की कम्पार्टमेन्ट 32 कोर जोन में बसे तैड़िया गांव में विकास की संभावनाओं के न होने पर सभी ग्राम वासियों की व्यापार मंडल सभागार कोटद्वार में आयोजित बैठक में विस्थापन प्रक्रिया को सहमति प्रदान की गई। गौरतलब है कि ग्राम तैड़िया रिखणीखाल प्रखण्ड के ग्राम पंचायत काण्डा का राजस्व ग्राम है जो कार्बेट नेशनल पार्क में स्थित है। वर्ष 2000 से 2016 तक चली विस्थापन प्रक्रिया के शासन में लम्बित होने पर पुन: विभागीय अधिकारियों ने गांव में पहुंच कर ग्रामीणों से अस्थाई विकास के साथ साथ विस्थापन का प्रस्ताव मांगा,जिस पर सभी ग्राम वासियों ने एनटीसीए की गाइडलाइंस के विकल्प दो पर व विविध सुविधाओं से लैस विस्थापन पर हामी भर दी है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान बिनीता ध्यानी ने बताया कि कठोर वन कानूनों के चलते विकास सीमित तौर पर संभव तो है लेकिन हर बार यह संभव नहीं है। ग्रामीणों को गांव में कुछ भी निर्माण कार्य कराने के लिए अधिकारियों की अनुमति लेनी पड़ती है। मौके पर विस्थापन कोर कमेटी का गठन करते हुए बिनीता ध्यानी को अध्यक्ष, राधावल्लभ को सचिव, धर्मानन्द ध्यानी को कोषाध्यक्ष, शक्तिधर प्रसाद को कोषाध्यक्ष, सुषमा ध्यानी जखमोला को महिला उपाध्यक्ष, डॉ अम्बिका प्रसाद को मीडिया प्रभारी, भगवती प्रसाद को संयाजक, गुणानन्द को संरक्षक व अशोक कुमार को आय-व्यय निरीक्षक बनाया गया। मौके पर वक्ताओं ने गांव की दुर्दशा के लिए शासन प्रशासन व वनविभाग को दोषी ठहराया और शर्तो पर विस्थापन प्रक्रिया को लेकर सहमति जताई। बैठक में सतीश चन्द्र, कुशलानन्द, कुलदीप, गिरीश चंद्र, प्रकाश चन्द्र, सतेंद्र प्रसाद, मनोज, बालमुकुंद, सन्दीप, कांशीराम, किशनचंद्र, रोशनी, घुंघरी देवी, चण्डी प्रसाद और सुरेंद्र प्रसाद सहित सभी ग्रामीण शामिल रहे।

## श्रद्धापूर्वक मनाया डॉ. दुर्गा सिंह का स्मृति दिवस



**धामपुर ( चिंगारी )।** बालिका शिक्षा एवं समाजसेवी कार्यों के लिए समर्पित तथा संतो और महात्माओं जैसा जीवन जीने वाले दुर्गा सिंह जी का 31वां स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने विभिन्न संदर्भों और बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। राम कन्या इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित डॉक्टर दुर्गा सिंह की प्रतिमा के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हवन यज्ञ से हुआ। मुख्य यजमान पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह रहे। कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा सम्मानित शिक्षक ठाकुर श्याम सिंह चौहान तथा दो शिक्षिकाओं किरन देवी एवं शिवांगी रानी को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत, ठाकुर श्याम सिंह चौहान, मदन सिंह सुहागपुर, सुमेर सिंह बाल्मीकि आदि ने भी स्वर्गीय डॉक्टर दुर्गा सिंह के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित उपलब्धियों से परिपूर्ण जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

## व्यापारियों ने यूपीआई पर टैक्स का विरोध किया



### पीएम को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (रजिस्टर्ड) जनपद बिजनौर द्वारा प्रदेश के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा लगाये जा रहे यूपीआई पर टैक्स के विरोध में एक ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम जिलाधिकारी बिजनौर को दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध किया गया है कि जो यूपीआई पर कर लगाया जा रहा है, इस पर पुनर्विचार किया जाए एवं छोटे व्यापारियों का ध्यान रखा जाए। ज्ञापन देने के लिए जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, जिला महामंत्री मनोज भटनागर, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बॉबी, धामपुर नगर अध्यक्ष संजय कुमार जैन ,स्योहारा नगर अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा महामंत्री तुषार रस्तोगी एवं कोषाध्यक्ष असलम भाई, नूरपुर अध्यक्ष संजीव कुमार जोशी, अनूप गौड, महेश सैनी एवं दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद देहरादून में आयोजित होंगे बहुउद्देशीय शिविर

**देहरादून ( चिंगारी )।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद देहरादून की विभिन्न तहसीलों में 21 सितम्बर से 18 अक्टूबर 2026 तक बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर निस्तारण करने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 सितम्बर के बाद मसूरी, 23 सितम्बर को चकराता में, 25 सितम्बर को डोईवाला में, 27 सितम्बर को विकासनगर तथा 29 सितम्बर को कैंट क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 03 अक्टूबर को धर्मपुर क्षेत्र, 05 अक्टूबर को सहसपुर, 07 अक्टूबर को रायपुर क्षेत्र, 10 अक्टूबर को चकराता तथा 13 अक्टूबर को राजपुर क्षेत्र में शिविर आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त 15 अक्टूबर को ऋषिकेश में, 17 अक्टूबर को चकराता के त्यूनी तथा 18 अक्टूबर को विकासनगर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से निर्धारित तिथियों पर संबंधित तहसील में आयोजित बहुउद्देशीय शिविरों में प्रतिभाग करते हुए अपनी समस्याओं के निस्तारण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## भारत-पाक युद्ध में शहीद हवलदार राय सिंह रावत के परिजनों को सैनिक कल्याण विभाग ने सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय लैंसडौन की ओर से सैनिक विश्राम गृह कोटद्वार में शहीद सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 1971 के भारत-पाक युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए प्रथम नागा रेजिमेंट के शहीद हवलदार राय सिंह रावत के परिजनों को सम्मानित किया गया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन शिव प्रसाद सती की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कर्नल बुद्धि बल्लभ ध्यानी ने शहीद के परिजनों को ताम्रपत्र, प्रशंसा पत्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। शहीद की धर्मपत्नी स्वर्गीय नंदा देवी के निधन के बाद उनकी पौत्र वधू कल्पना रावत और पौत्री नेहा रावत ने सम्मान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि कर्नल बी बी ध्यानी ने बताया कि शहीद हवलदार राय सिंह रावत ग्राम भलगांव, डाडामंडी के रहने वाले थे। उनका जन्म 12 मई 1941 को हुआ था। वह 12 नवंबर 1971 को भारत-पाक युद्ध के दौरान मित्र वाहिनी के सदस्य के रूप में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए बांग्लादेश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की ओर से वर्ष 2018 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध सम्मान प्रदान किया गया था। समारोह में उपस्थित पूर्व सैनिकों और गणमान्य लोगों ने बलिदानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों के परिवार हमारे अपने परिवार हैं और उनके बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त सूबेदार बलवंत सिंह रावत, दिवाकर दत्त लखेड़ा, सेवानिवृत्त ऑनरेरी कैप्टन दीपक नेगी, राजाराम मैंदोला, दिनेश चंद्र, सुनील सिंह रावत, शिव सिंह नेगी, महिपाल सिंह रावत और रविंद्र सिंह रावत समेत अनेक पूर्व सैनिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# सपा को सनातन से बैर, हमारी सरकार में माफियाओं की नहीं खैर- योगी



**मेरठ ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि नकारात्मक ताकतें जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास करेंगी, लेकिन हमें ऐसा नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि महापुरुष पूरे समाज के होते हैं और उन्हें किसी जाति के दायरे में सीमित नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने आगे कहा सपा और कांग्रेस ने प्रदेश को परिवारवाद और जातिवाद की बीमारी दी है। सपा को सनातन से बैर है। राम का नाम लेने से उन्हें उतनी ही चिढ़ होती थी, जितनी बाबर को थी, इसलिए आपको ही सब तय करना है। बाबर के अनुयायियों का जवाब केवल हनुमानभक्त ही दे सकते हैं। अपनी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में माफियाओं की पौबारह होती थी, लेकिन उनकी सरकार में माफियाओं की कोई बख्शीश नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की उपस्थिति में पश्चिम क्षेत्र के शक्ति केंद्र संयोजकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश है। कार्यकर्ताओं को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करना चाहिए।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया नहीं, बल्कि वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में 9.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है और विकास परियोजनाओं से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले प्रदेश में अपराध और अराजकता का माहौल था, जबकि अब कानून-व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में बदलाव आया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि शक्ति केंद्र पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।


गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

URGENTLY REQUIRED

PGT (PHYSICS,BIOLOGY,ENGLISH)

PTI (B.P.ED/M.P.ED.)

TGT & PRT (ALL SUBJECTS)

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377



मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

₹8/- सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर